तापमान
28.7° अधिकतम | 24.0° न्यूनतम

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

रांची, रविवार 28 जुलाई 2024 ● श्रावण कृष्ण पक्ष 07 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 110 आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र




## खेलगांव स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में सेना भर्ती रैली शुरू

# 500 युवाओं ने दिखाया दम





संवाददाता। रांची

अग्निवीर टेक्निकल व ऑफिस असिस्टेंट पद के लिए झारखंड के सभी शॉर्टलिस्टेड उम्मीदवार व जूनियर कमीशन अधिकारी (धर्म शिक्षक) के लिए खेलगांव स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में सेना भर्ती रैली की शुरुआत शनिवार को हुई. सभी श्रेणी में शनिवार को लगभग 500 युवाओं ने दमखम दिखाया. रात 12.30 बजे ही सभी उम्मीदवारों को खेलागांव परिसर में इंट्री दी गयी.

इसके बाद सभी उम्मीदवारों के एडमिट कार्ड व अन्य जरूरी दस्तावेज की जांच की गयी. फिर अभ्यर्थियों को सेना के प्रतिनिधियों द्वारा भर्ती प्रक्रिया की रूपरेखा से अवगत कराया गया. इस प्रक्रिया के बाद अलग-अलग बैच बनाये गए, जहां से उम्मीदवारों ने 1.6 किमी दौड़ में हिस्सा लिया. दौड़ के दौरान अभ्यर्थियों के प्रदर्शन के आधार पर उनकी शारीरिक क्षमता का मूल्यांकन किया गया. दौड़ में सफल अभ्यर्थियों को बीम, जिग-जैग बैलेंस व नौ फुट खड्डे को पार करना होता है.

इस प्रक्रिया के बाद अभ्यर्थियों के शारीरिक मापदंड का मूल्यांकन व दस्तावेजों की गहनता से जांच की जाती है. मेडिकल जांच में सफल उम्मीदवारों का अंतिम मेरिट के आधार पर सेना में चयन होता है.

### अभ्यर्थियों ने की रैली प्रबंधन व व्यवस्था की सराहना

जिला प्रशासन के प्रयासों से बेहतरीन और उच्चस्तरीय ग्राउंड रैली भर्ती के लिए मुहैया कराया गया है. अभ्यर्थियों ने रैली के रनिंग ट्रैक और तमाम व्यवस्था की सराहना की. बारिश से बचाव के लिए सभी प्रकार की व्यवस्था का भी ध्यान रखा गया है. रैली स्थल पर जिला प्रशासन के सहयोग से किये गए उचित प्रबंधों की उम्मीदवारों ने खूब सराहना की. उन्होंने बताया कि सेना द्वारा रैली स्थल पर उनकी हर सुविधा का ध्यान रखा जा रहा है और भर्ती प्रक्रिया में जुटे संपूर्ण अधिकारियों व सैन्यकर्मियों का व्यवहार अति सराहनीय है.

### क्षेत्रीय भर्ती मुख्यालय दानापुर के भर्ती उपमहानिदेशक ब्रिगेडियर गुरुंग में लिया जायजा

क्षेत्रीय भर्ती मुख्यालय दानापुर के भर्ती उपमहानिदेशक ब्रिगेडियर मुकेश गुरुंग भी भर्ती रैली स्थल पर मौजूद रहे. इस दौरान उन्होंने सेना बहाली की संपूर्ण चयन प्रक्रिया व रैली स्थल पर अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए कीगई तमाम व्यवस्था का जायजा लिया. उन्होंने रैली स्थल पर तैनात सैन्य अधिकारियों व जवानों को सेना बहाली को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए जरूरी दिशा निर्देश भी दिए.

### झारखंड के नए राज्यपाल बने संतोष कुमार गंगवार



**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नौ राज्यों में नए राज्यपालों की नियुक्ति की है. राष्ट्रपति भवन से जारी अधिसूचना के मुताबिक पूर्व केंद्रीय मंत्री संतोष गंगवार को झारखंड का राज्यपाल नियुक्त किया गया है, जबकि मौजूदा राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को महाराष्ट्र भेजा गया है. जानकारी के अनुसार हरिभाऊ किसनराव बागड़े राजस्थान के राज्यपाल नियुक्त किए गए हैं. इसी तरह जिष्णु देव वर्मा को तेलंगाना, ओम प्रकाश माथुर को सिक्किम, संतोष कुमार गंगवार को झारखंड, रमेन डेका को छत्तीसगढ़, सीएच विजयशंकर को मेघालय और सीपी राधाकृष्णन को महाराष्ट्र का राज्यपाल बनाया गया है. वहीं के कैलाशनाथन को पुडुचेरी का उपराज्यपाल बनाया गया है. असम के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया को पंजाब का राज्यपाल और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ का प्रशासक नियुक्त किया गया है. झारखंड के नवनियुक्त राज्यपाल यूपी के बरेली के रहने वाले हैं. कई बार सांसद और केंद्र में मंत्री रहे हैं. वो बहुत दिनों से राज्यपाल बनने की प्रतीक्षा सूची में थे.

- सीपी राधाकृष्णन भेजे गए महाराष्ट्र, नौ राज्यों में राज्यपालों की नियुक्ति

**बड़ा सवाल :** आठ साल में सब्जी विक्रेताओं के लिए व्यवस्था नहीं कर पाया निगम

# क्या लालपुर के सब्जी विक्रेताओं को बसाने में असफल रहा निगम?



लालपुर सब्जी मार्केट अब सड़क पर बन गई पार्किंग.

आकर्ष अनिकेत। रांची

नगर निगम ने 2016 में लालपुर के सब्जी विक्रेताओं का सर्वे किया. सर्वे में निगम ने पाया था कि लालपुर बाजार में 278 विक्रेता ऐसे हैं, जिन्हें कहीं न कहीं जगह मिलनी चाहिए. इसके लिए डिस्टिलरी पुल के पास वेजीटेबल मार्केट बनाने की योजना बनायी गयी. 2016 में बनी योजना आखिरकार 2024 में सफल हुई. हालांकि सफलता भी ऐसी कि आठ साल लगने के बावजूद सर्वे में शामिल सभी विक्रेताओं को वेजीटेबल मार्केट में जगह नहीं मिली. जहां सड़क किनारे सब्जी विक्रेताओं की संख्या बढ़ती गयी, वहीं मार्केट में जगह घटती गयी.

**पार्किंग में लग रहीं दुकानें और सड़क पर गाड़ी :** वेजीटेबल मार्केट में जगह कम होने की वजह से जब सब्जी विक्रेताओं में आक्रोश दिखा, तो उन्हें पार्किंग में दुकान लगाने की अनुमति दे दी गयी. अब हालत यह है कि पार्किंग में तो सब्जी विक्रेताओं ने दुकानें लगा लीं, पर सब्जी खरीदने आये लोग सड़क पर ही अपने-अपने वाहन लगा कर सब्जी खरीदने को मजबूर हैं. ऐसे में कब तक जाम से राहत मिलेगी, यह कहना मुश्किल है.

### रातू रोड चौक व खादगड़ा सब्जी मार्केट पर निगम नहीं देता ध्यान, साफ-सफाई की व्यवस्था पूरी ठप

सोशल मीडिया के माध्यम से निगम द्वारा लगातार प्रचार-प्रसार किया जा रहा है कि स्वच्छ सब्जी मंडी सेहत और स्वाद की पहली सीढ़ी और सफाई अपनाओं, बीमारी भगाओ. हालांकि जमीनी स्तर पर निगम द्वारा इसका इस्तेमाल नहीं किया जा रहा है. रातू रोड चौक स्थित वेजीटेबल मार्केट में जहां ग्राउंड फ्लोर की पार्किंग में गंदा पानी जमा है, वहीं शौचालय की भी स्थिति नाजुक है. शौचालय में बेसिन है पर नल नहीं. पैन में लगातार फ्लश का पानी गिर रहा है. साफ-सफाई की व्यवस्था पूरी तरह ठप है. वहीं खादगड़ा स्थित वेजीटेबल मार्केट में सफाई दूर-दूर तक नहीं दिखती. सब्जी मंडी के आस-पास शिर्फ गंदगी और कचरा ही पसरा हुआ है. मार्केट के विक्रेताओं ने बताया कि गंदगी के कारण अब ग्राहक मंडी आना ही नहीं चाहते हैं. विक्रेताओं ने बताया कि उनसे रोजाना सफाई के नाम पर 15 रुपए निगम के द्वारा वसूले जाते हैं, पर सफाई करने कोई नहीं आता.



खादगड़ा सब्जी मार्केट में लगा गंदगी का अंबार.





रातू रोड स्थित नागा बाबा खटाल का अस्त-व्यस्त शौचालय.

**विधानसभा चुनाव हर हाल में लड़ूंगा**

## जानबूझ कर मेरी सदस्यता खत्म कराई : लोबिन हेंब्रम

प्रमुख संवाददाता। रांची

- राज्य सरकार वोट बैंक के लिए घुसपैठियों को दे रही बढ़ावा
- चमरा लिंडा भी उतने ही दोषी उन पर क्यों नहीं हुई कार्रवाई
- सत्र के दौरान मेरे क्षेत्र की समस्याएं अब कौन उठाएगा

पूर्व विधायक लोबिन हेम्ब्रम ने विधानसभा सदस्यता जाने के बाद झामुमो पर हमला बोला है. उन्होंने कहा कि राज्य में लोकतंत्र की हत्या की गई है. उन्हें सदस्यता जाने का दुख नहीं, लेकिन विधानसभा सत्र के एक दिन पहले ऐसा करना दुखद है. चमरा लिंडा और मैंने निर्दलीय चुनाव लड़ा था. ऐसे में सिर्फ हमारे खिलाफ ही पार्टी ने कार्रवाई करते हुए सदस्यता समाप्त कराई है. चमरा लिंडा पर कार्रवाई क्यों नहीं की गई? लोबिन हेम्ब्रम शनिवार को अपने आवास पर प्रेसवार्ता को संबोधित कर रहे थे.

उन्होंने कहा कि उनका मामला तो दसवीं अनुसूची (दलबदल) के तहत नहीं आता है. आश्चर्य है कि बिना किसी नोटिस के ही उनके खिलाफ पार्टी ने कार्रवाई की. आनन-फानन में स्पीकर ने दबाव में आकर उनकी सदस्यता समाप्त कर दी. लोबिन हेम्ब्रम ने रबीन्द्रनाथ महतो को अब तक का सबसे कमजोर विधानसभा स्पीकर बताया. .

**लोकतंत्र की हुई है हत्या :** लोबिन ने कहा कि झारखंड में लोकतंत्र की हत्या हुई है. मैंने स्पीकर के आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी है. मुझे उम्मीद है कि चलते मॉनसून सत्र में मुझे सवाल उठाने का मौका मिलेगा.

उन्होंने पूछा कि मेरी सदस्यता समाप्त होने के बाद मेरे क्षेत्र के जनहित के मुद्दों को कौन उठाएगा और सरकार किसको जवाब देगी? सरकार को घेरते हुए लोबिन ने कहा कि पार्टी ने अपने घोषणा पत्र में किए गए वादे को नहीं निभाया. राज्य में आदिवासियों की जमीन की लूट हो रही है. किसान पलायन कर रहे हैं. झारखंड को मजदूर आपूर्ति का राज्य बना दिया गया है. वोट लेने के समय अपना होना का दावा किया था. पाकुड़ में आदिवासी छात्रावास में घुस कर पुलिस की पिटाई की जांच की मांग की.

**संथाल में हुई है घुसपैठ :** लोबिन ने कहा कि संतालपरगना में घुसपैठ हुआ है और इससे कोई इनकार नहीं कर सकता. राज्य सरकार वोट बैंक के लिए घुसपैठ को बढ़ावा दे रही है. उन्होंने राज्य सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि झारखंड लेबर सप्लाई वाला राज्य बन गया है. सरकार से लोगों का विश्वास उठ गया है. रोजगार को लेकर आदिवासियों का पलायन हो रहा है. कहा कि विधानसभा चुनाव जरूर लड़ूंगा. किस दल से चुनाव लड़ेंगे, समय आने पर खुलासा कर देंगे. लोबिन हेंब्रम ने राज्य के बांग्लादेश से सटे जिलों में घुसपैठ का मुद्दा भी उठाया. उन्होंने सरकार पर आरोप लगाया कि वोट बैंक की राजनीति की वजह से रोहिंग्या मुसलमानों के घुसपैठ पर भी कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है. लोबिन ने यह भी आरोप लगाया कि मधुपुर और बरहेट, गायबखाना गांव में घुसपैठियों ने आदिवासियों के साथ मारपीट की और उनकी जमीन पर कब्जा कर लिया. प्राथमिकी तक दर्ज नहीं की गई है. उन क्षेत्रों में घुसपैठिए हावी हो रहे हैं और आदिवासियों के शादी कर उनकी जमीन पर कब्जा किया जा रहा है. इस पर कार्रवाई राज्य सरकार के हाथ में है.



**सूरते हाल** 6 मार्च 2024 को मंत्रिमंडल की बैठक में अंडा खरीद के नियम में किया गया था संशोधन

# फिर भी राज्य में आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों को नहीं मिल रहा अंडा

प्रवीण कुमार। रांची

- पहले पोषहार पर खर्च करती थी सरकार 8 रुपया अब धटाकर कर दिया 5.33 रुपया

झारखंड में हेमंत सरकार गठन के बाद से ही आंगनबाड़ी केंद्रों और सरकारी स्कूलों में बच्चों को अंडा देने की घोषणा की जाती रही है. मगर अप्रैल 2019 के बाद से अंडा वितरण का आगनबाड़ी केन्द्रों में नही किया जा रहा है. जबकि राज्य सरकार आपने बजट में आगनबाड़ी केन्द्रों में अंडा वितरण के बजट भी रखती रही है. 11 मार्च 2024 को महिला, बाल विकास एंव सामाजिक सुरक्षा विभाग के जारी संकल्प में अंडा खरीद की प्रक्रिया में संशोधन किया गया था. इसमें कहा गया था कि स्थानीय स्तर पर आंगनबाडी सेविका के माध्यम से अंडा खरीद कर बच्चों रो नियमित रूप से दिया जाना था, लेकिन विभागीय संकल्प जारी हुए चार माह से अधिक हो गये, फिर भी आगनबाड़ी केन्द्र के बच्चो को सरकार अंडा उपलब्ध नहीं करा पायी है. वहीं 2019 में आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों को अंडे के अआवे अन्य पौष्टिक आहार 8 .04 रुपए प्रति बच्चा प्रावधान किया गया था. जिसे घटा कर सरकार ने 2024 के संकल्प में 5.33 कर दिया है. इस मद में अंडा सहित कुल राशि 11.33 रुपया रखा गया है, जिसमें 6 रुपया अंडा के लिए राशि तय की गयी है.



**आगनबाडी केंद्रों में 2019 से बच्चों को मिलता था पोषाहार**

| सामग्री | मात्रा(ग्राम में) | लागत(रुपया में) | प्रोटिन(ग्राम) | कैलोरी |
|---|---|---|---|---|
| चावल | 50.00 | 0.15 | 3.75 | 172.90 |
| दाल(अरहर) | 30.00 | 2.38 | 6.69 | 100.47 |
| मूंगफली भुना हुआ | 30.00 | 2.96 | 7.69 | 169.95 |
| गुड | 30.00 | 1.13 | 0.12 | 114.75 |
| आलू | 100.00 | 1.56 | 1.60 | 97.70 |
| **कुल** | **240.00** | **8.04** | **19.75** | **655.77** |

### राज्य में 5 वर्ष से कम के 40% बच्चे कुपोषित

राज्य में बच्चों के बीच कुपोषण बड़ी समस्या है. इसको लेकर सरकार ने अंडा देने की घोषणा की थी. 2019-21 के सरकारी आंकड़ों (एनएफएचएस-5) के अनुसार राज्य के पांच वर्ष के कम उम्र के 40 प्रतिशत बच्चे कुपोषित हैं. जिनका उम्र के अनुसार वजन कम है. राज्य की एक-चौथाई महिलाओं का बीएमआई सामान्य से कम है. विभिन्न सरकारी सर्वेक्षणों में यह भी बार-बार पाया जाता है कि राज्य के आदिवासी-दलित बच्चे अन्य समुदायों की तुलना में ज़्यादा कुपोषित हैं.

> बच्चों को आंगनबाड़ी केन्द्रो में रोज अंडा नहीं देने का सरकार का कोई बहाना नहीं हो सकता है. 2019 के बाद से आंगनबाडी के बच्चों को अंडा नही दिया जा रहा है. सरकार की मंशा अगर साफ होती, तो 2019 से ही बच्चों को अंडा मिलना शुरू हो जाता. बाजार दर पर अंडा की खरीद के लिए राशि नहीं देना अंडा वितरण में सबसे बड़ी अड़चन है. वहीं पोषहार के लिए दी जाने वाली राशि में कटौती से कुपोषण से जंग में राज्य कमजोर होगा.
> — **अशर्फी नंद प्रसाद**, संयोजक, भोजन का अधिकार अभियान

> आंगनबाडी केन्द्र के बच्चों को जल्द अंडा मिले, इसके लिए विभाग की ओर से प्रयास किए जा रहे हैं. स्थानीय स्तर पर अंडा खरीद करने का निर्देश आंगनबाडी सेविकाओं को दिया गया है, अगले माह से आंगनबाडी केन्द्र के बच्चों को अंडा मिलने लगेगा.
> — **निदेशक महिला, बाल कल्याण एवं सामाजिक सुरक्षा**

गेल की शिकायत पर डीसी का निर्देश, कहा

## कोई भी सड़क खुदाई करे तो प्रशासन से ले एनओसी

संवाददाता। रांची

रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने शनिवार को समाहरणालय में गेल लि. और डाक विभाग के विभिन्न मामलों से संबंधित समीक्षा की. इस दौरान सम्बंधित अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये. डीसी ने गेल लिमिटेड से जुड़े मामललों की समीक्षा की. गेल की ओर से जानकारी दी गई कि रांची शहर में कई जगह ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य जोर-शोर से चल रहा है. जिस कारण खुदाई का कार्य भी हो रहा है. कई जगह गेल की गैस पाइप लाइन गुजरी है. खुदाई के दौरान गैस पाइप क्षतिग्रत होने से गैस रिसाव होता है. इस कारण उन्हें खुदाई की जानकारी पूर्व से दे दी जाए, ताकि गेल की पाइप क्षतिग्रस्त ना हो जिससे गैस रिसाव नहीं होगा. डीसी ने सम्बंधित अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा गया कि कोई भी कंपनी अगर खुदाई करती है, तो इसकी जानकारी जिला प्रशासन को देते हुए एनओसी जिला प्रसासन से अवश्य रूप से लें.

**डाक विभाग से सम्बंधित समीक्षा :** डीसी ने डाक विभाग से सम्बंधित मामले की समीक्षा करते हुए वरिष्ठ डाक अधीक्षक डाकघर से जानकारी प्राप्त की. जिसपर उनके द्वारा बताया गया कि मुख्य डाकघर डोरंडा में ओवर ब्रिज निर्माण में कुछ जमीन मुख्य डाकघर डोरंडा की जा रही है. डीसी ने बताया कि उन्हें अन्यत्र जमीन दी जा रही है.

## पीएम कुसुम योजना : लाभुकों को सोलर पम्पसेट वितरण के लिए उपायुक्त ने की चयन समिति की बैठक

# रांची जिले में सोलर वाटर पम्प सेट के 2131 आवेदन की स्वीकृति

संवाददाता। रांची

रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने शनिवार को समाहरणालय में पीएम कुसुम योजना अंतर्गत सोलर पम्पसेट वितरण और इंस्टालेशन के लिए लाभुकों का चयन किया गया. चयन समिति की बैठक में 2131 आवेदन को स्वीकृति प्रदान की गई. बैठक में प्रोजेक्ट डायरेक्टर आईटीडीए सह कल्याण पदाधिकारी संजय कुमार भगत, जिला कृषि पदाधिकारी राम शंकर सिंह, विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत आपूर्ति प्रमंडल रांची, पूर्वी, पश्चिमी, कोकर, कार्यपालक अभियंता लघु सिंचाई प्रमंडल रांची एवं अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे.



रांची उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा शनिवार को समाहरणालय में बैठक करते हुए.

### प्रखंडवार आंकड़ा (आवेदन स्वीकृत)

| | | | |
|---|---|---|---|
| अनगड़ा | 235 | मांडर | 179 |
| बेड़ो | 412 | नगड़ी | 34 |
| बुंडू | 25 | नामकुम | 85 |
| बुढ़ | 288 | ओरमांझी | 64 |
| चान्हो | 88 | राहे | 28 |
| इटकी | 38 | रातु | 239 |
| खेलारी | 95 | सिल्ली | 105 |
| कांके | 82 | सोनाहातू | 42 |
| लापुंग | 86 | तमाड़ | 6 |

**सोलर वाटर पम्प सेट हेतु 2131 आवेदन की स्वीकृति**

नवीन एवं नवीकरणीय उर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) भारत सरकार एवं झारखंड अक्षय ऊर्जा विकास एजेंसी (जरेडा) राज्य सरकार द्वारा पीएम कुसुम योजना अन्तर्गत रांची जिले में सोलर वाटर पम्प सेट हेतु 2131 (ऑनलाइन आए आवेदन) को स्वीकृति उपायुक्त द्वारा दी गई. सोलर पम्प सेट के वितरण हेतु वैसे ही लाभुकों का चयन किया जाना है, जिनके खेत में ग्रिड कनेक्टीविटी की सुविधा नहीं हो. कृषकों के चयन में लघु एवं सीमांत किसानों जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं माइक्रो एवं ड्रिप इरिगेशन (सिंचाई) से जुड़े किसानों एवं महिला किसानों को प्राथमिकता दी जाती है. उक्त योजना के तहत् भी पूर्व की भांति ही लाभुक अंशदान की राशि 2एचपी (एसी-डीसी), 3एचपी एवं 5एचपी (एसी-डीसी) के लिए क्रमशः रुपए 5000, 7000, और 10000 रुपए निर्धारित है. शेष राशि अनुदान स्वरूप राज्य सरकार द्वारा योजना राशि का 72% एवं केन्द्र सरकार द्वारा बेंचमार्क राशि का 30% जो कि योजना राशि का 25% है, का वहन किया जाता है.

# सीसीएल में हैंडलिंग लिटिगेशन पर कार्यशाला का आयोजन



कार्यशाला को संबोधित करते हाईकोर्ट के अधिवक्ता अमित सिन्हा.

संवाददाता। रांची

सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) ने सीसीएल मुख्यालय के मानव संसाधन विकास विभाग में मुकदमेबाजी से निपटने पर एक कार्यशाला का आयोजन किया. कार्यशाला का उद्देश्य अधिकारियों को अदालती मामलों को प्रभावी ढंग से संभालने के लिए ज्ञान और कौशल से परिचित कराना था.

कार्यशाला के मुख्य वक्ता झारखंड उच्च न्यायालय के अधिवक्ता अमित सिन्हा थे. उन्होंने मुकदमेबाजी प्रबंधन पर बहुमूल्य सलाह दी. विभागाध्यक्ष (विधि) जोबी वीपी एवं उप. प्रबंधक (विधि) ऋचा मित्तल ने सेवा मामलों से संबंधित न्यायालयों के कुछ ऐतिहासिक निर्णयों पर चर्चा की. वहीं आशीष त्रिपाठी, एमटी (विधि) ने मुकदमा प्रबंधन प्रणाली (एलएमएस) की कार्यप्रणाली के बारे में एक संक्षिप्त विवरण दिया. कार्यशाला में सीसीएल मुख्यालय और क्षेत्रों के वरिष्ठ अधिकारियों और सभी क्षेत्रों के नोडल अधिकारियों ने भाग लिया.

## आरक्षित सीट पर विस चुनाव में धर्मांतरित को प्रत्याशी न बनाएं



**रांची।** जनजाति सुरक्षा मंच के जिला संयोजक हिंदुवा उरांव के नेतृत्व में पार्टियों के प्रदेश अध्यक्षों बाबूलाल मरांडी (भाजपा), शिबू सोरेन (झामुमो), राजेश ठाकुर (कांग्रेस), संजय यादव (राजद) को शनिवार को ज्ञापन सौंपा गया. मंच 18 वर्षों से केंद्र व राज्य सरकार से मांग करता रहा है कि एसटी समुदायों के धर्मान्तरित लोगों को जनजाति का सदस्य नहीं माना जाए. उन्हें एसटी की सूची से हटाया जाए. उन लोगों को, जिन्होंने/जिनके पुरखे धर्म-संस्कृति, रूढ़ि प्रथा को छोड़ कर धर्मांतरण करके अन्य धर्म में चले गये और ईसाई या इस्लाम धर्म अपना लिया, उन्हें जनजाति समुदाय से हटाया जाए. क्योंकि एसटी की लड़कियों से शादी कर आरक्षण का लाभ ले रहे हैं. और पत्नियों को विधायक, सांसद और मुखिया बना रहे हैं. ऐसे लोगो को चिन्हित कर उनका आरक्षण जल्द खत्म किया जाए.

## सांसद ने दी चेतावनी, कहा- मुख्य सचिव टीवीएनएल के एमडी के खिलाफ कराएं जांच, वरना जाएंगे कोर्ट

# कार्रवाई न हुई तो सीएस को भी बनाएंगे पक्षकार

संवाददाता। रांची



गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी.

गिरिडीह के सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने ललपनिया स्थित तेनुघाट थर्मल पावर स्टेशन (टीवीएनएल) के प्रभारी प्रबंध निदेशक अनिल कुमार शर्मा द्वारा पद का दुरूपयोग करने का आरोप लगाया है. उन्होंने बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार व वित्तीय अनियमितता करने पर अब तक जांच कमेटी का गठन नहीं करने व न्याय संगत कानूनी कार्रवाई नहीं किये जाने पर सवाल खड़ा किया है.

उन्होंने कहा कि अब तक किसी भी तरह की कार्रवाई नहीं होना राज्य सरकार की भ्रष्टाचार के विषय पर मौन सहमति को दर्शाता है. भ्रष्टाचार के पोषक इस पदाधिकारी के विरुद्ध 4 से 5 माह गुजर जाने पर भी किसी तरह की कार्रवाई नहीं होना कई प्रश्नों को भी जन्म देता है. सांसद के अनुसार उन्होंने इसको लेकर पूर्व में मुख्यमंत्री, मंत्रिमंडल निगरानी विभाग व मुख्य सचिव को पत्र लिखा है. उन्होंने मुख्य सचिव को पुनः लिखे अपने पत्र में राज्यहित में टीवीएनएल में हो रहे करोड़ों के घोटाले की जांच सचिव स्तर पर एक उच्च स्तरीय समिति बनाकर करने व 10 दिनों के भीतर इसका जवाब देने और ऐसा नहीं करने पर झारखंड उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर उन्हें पक्षकार बनाने की बात कही है.

उन्होंने कहा कि प्रभारी प्रबंध निदेशक अनिल कुमार शर्मा के पदस्थापन के 3 वर्ष बीत जाने के बाद भी टीवीएनएल में प्रबंध निदेशक की नियुक्ति नहीं कर उन्हें ही महाप्रबंधक के प्रभार में रखा गयाहै, जो प्रशासनिक हितों का अवैध संगम है. जिसमें निगम की प्रशासनिक व वित्तीय शक्ति निहित है. उदाहरण स्वरूप उनके द्वारा प्लांट का संचालन, कार्यदेश व भुगतान आदि किया जा रहा है. सब एक ही व्यक्ति पर केंद्रित हो गया है. यह केंद्रीय सतर्कता आयोग के दिशा निर्देशों का भी उल्लंघन है. उन्होंने कहा कि अनुभवहीन व कनीय अभियंता को प्रबंध निदेशक का प्रभार देने की वजह से टीवीएनएल के विस्तारीकरण पर वित्तीय बोझ जहां बढ़ रहा है.

वहीं अब तक करीब 200 करोड़ का वित्तीय नुकसान हो गया है. प्रभारी प्रबंध निदेशक ने अपना वेतनमान ऊर्जा विभाग के नियम के विरुद्ध बोर्ड को गुमराह करके उच्च वेतनमान का निकासी कर लिया है और यह मामला झारखंड महालेखाकार परीक्षा के पास विचाराधीन है. अपनी निजी फायदा के लिए उच्च वेतनमान बढ़ाकर अपनी प्रोन्नति अभियंता प्रमुख के लिए स्वयं संचिका तैयार कर लिया है ताकि भविष्य में अपना मालिकाना हक बनाए रख सके. यह प्रक्रिया प्रशासनिक शक्तियों के दुरुपयोग का ज्वलंत उदाहरण है. एमडी का प्रभार लेने के एक माह में ही अपना सिंडिकेट बनाना शुरू किया. इसी क्रम में तेजेंद्र सिंह मल्होत्रा को बैंक हस्ताक्षरित बनाया. मल्होत्रा ने उगाही का भी काम शुरू कर दिया इसका जब साक्ष्य प्रमाण के साथ दिया गया तो शर्मा ने बचाव का हर संभव प्रयास किया है.

आगे जाकर मल्होत्रा का भ्रष्टाचार कारनामा बढ़ने लगा व इसकी खुलेआम चर्चा होने लगी तो एमडी अपने पसंद के कृष्ण कुमार सिंह के माध्यम से बैंक हस्ताक्षरित संबंधी कार्य कर लूट खसोट को अंजाम दे रहा है. मजेदार बात यह कृष्ण कुमार सिंह पूर्व में उपनिदेशक रहते हुए पूरी प्रक्रिया अपनाते हुए नौकरी छोड़ दिया और लंबे समय तक किसी दूसरे संस्थान में नौकरी की. इस बीच प्रभारी प्रबंध निदेशक ने अपने सिंडिकेट को मजबूत करने के लिए नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए इसकी दोबारा नियुक्ति कर ली. यही नहीं एमडी ने पूर्व में जांच में दोषी पाए जाने पर बर्खास्त करने व कठोर दंड देने की संचिका को नष्ट कर अभियंता अशोक प्रसाद को बहाल कर लिया और भ्रष्टाचार का खेल बदस्तूर जारी है.

साथ ही टीटीपीएस में भी अनियमितता का बोलबाला है. यहां तो कर्मियों को प्रोन्नति देने में सेवा काल, आरक्षण व योग्यता की अनदेखी की गई है. सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने अपने पत्र में मुख्य सचिव का प्रभारी प्रबंध निदेशक द्वारा भ्रष्टाचार व वित्तीय अनियमितता करने संबंधी नौ बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक ध्यान आकृष्ट कराया है. उनसे सकारात्मक प्रशासनिक निर्णय की अपेक्षा जतायी है.

# झारखंड में निबंधन सेवा के 15 अफसरों का किया गया ट्रांसफर

संवाददाता। रांची

झारखंड सरकार ने निबंधन सेवा के 15 पदाधिकारियों का तबादला किया है. घासीराम पिंगुआ को जिला अवर निबंधक सरायकेला खरसावां के पद पर पदस्थापित किया गया. उज्ज्वल मिंज को प्रभारी सहायक निबंधक महानिरीक्षक-2 मुख्यालय के पद पर पदस्थापित किया गया है. रामकुमार मद्धेशिया को जिला अवर निबंधक जमशेदपुर के पद पर स्थापित किया गया. धर्मेंद्र कुमार को अवर निबंधक चांडिल सरायकेला के पद पर पदस्थापित किया गया. रामेश्वर प्रसाद सिंह को जिला अवर निबंधन धनबाद के पद पर स्थापित किया गया. राम जी तिग्गा को जिला अवर निबंधन गुमला के पद पर पदस्थापित किया गया. विकास कुमार को जिला अवर निबंधन कोडरमा के पद पर पदस्थापित किया गया.

सौरभ वर्मा को जिला अवर निबंधक बोकारो के पद पर पदस्थापित किया गया. अशोक कुमार सिंह को जिला अवर निबंधन चाईबासा के पद पर पद स्थापित किया गया. विकास सोरेन को जिला अवर निबंधक पलामू के पद पर पदस्थापित किया गया दीपिका कुमारी को अवर निबंधक डुमरी गिरिडीह का अतिरिक्त प्रभार दिया गया. दिलीप कुमार सिंह को अवर निबंधन गोविंदपुर धनबाद के पद पर पदस्थापित किया गया. प्रफुल्ल कुमार को जिला अवर निबंधक घाटशिला के पद पर पदस्थापित किया गया. राजेश एक्का को जिला अवर र्निबंधक हजारीबाग के पद पर पद स्थापित किया गया .संतोष कुमार को निरीक्षक संथाल परगना प्रमंडल दुमका के पद पर पदस्थापित किया गया है. इस संबंध में राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है.

## लूट मामले में तीन दोषियों को पांच-पांच साल की सजा

**रांची।** अपर न्यायायुक्त अमित शेखर की कोर्ट ने लालपुर में एसबीआई बैंक और जेवर दुकान में हुई लूटकांड मामले में तीन दोषियों को गौतम रविदास, संजय राम और राजू पांडे को अदालत ने शनिवार को 5-5 साल की सजा सुनाई है. साथ ही सभी पर 15-15 हजार का जुर्माना भी लगाया है. जुर्माना नहीं देने पर सभी को नौ माह की अतिरिक्त सजा काटनी होगी. उल्लेखनीय है कि सभी आरोपितों की गिरफ्तारी रातू थाना के द्वारा की गई थी और मामले में प्राथमिकी भी रातू थाना में ही दर्ज की गई थी.

## झामुमो की बैठक : चतरा, पलामू, लातेहार के पंचायत स्तरीय कार्यकर्ता शामिल हुए

संवाददाता। रांची

चतरा, पलामू एवं लातेहार जिला के पंचायत स्तरीय कार्यकर्ताओं की बैठक शनिवार को हरमू स्थित सोहराई भवन के सभागार में संपन्न हुई. बैठक में वर्तमान राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही लोक कल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार करने का निर्णय लिया गया. साथ ही सांगठनिक रूप से युद्ध स्तर पर कार्यक्रमों को आयोजित कर योजनाओं का लाभ राज्य के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य सुनिश्चित करने की बात कही गयी.

**केंद्रीय महासचिव ने राज्य की लोक कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में बताया :** पार्टी के केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने बैठक में आये कार्यकर्ताओं के मन में राज्य की लोक कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में उठ रही जिज्ञासाओं को शांत किया तथा संगठन की मजबूती के लिए बूथ स्तर पर कार्यक्रम करने की बात कही. बैठक में चतरा, पलामू एवं लातेहार जिला के जिला समिति के सभी पदाधिकारी, वर्ग संगठनों के अध्यक्ष एवं सचिव, नगर/महानगर समिति के पदाधिकारी, प्रखंड समिति के पदाधिकारी तथा पंचायत समिति के अध्यक्ष तथा सचिव शामिल हुए.

### ब्रीफ खबरें

## पार्किंग के नाम पर अवैध वसूली बंद की जाए

**रांची।** ओटीसी मैदान, हेहल में शनिवार को झारखंड प्रदेश सीएनजी ऑटो चालक महासंघ की बैठक हुई.ऑटो परमिट, अवैध वसूली औऱ परमिट देने से पहले यातायात चेकिंग पर रोक लगाने सहित कई मुद्दों को लेकर विचार किया गया. इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष दिनेश सोनी ने कहा कि शहर मे बीस किलोमीटर में अवैध रूप से वसूली की जा रही है. बैठक की अध्यक्षता ई रिक्शा यूनियन महानगर अध्यक्ष भोला सिंह ने की.

## कैडेटों के नामांकन के लिए 29 से जमा होगा आवेदन

**रांची।** झारखंड नौसेना एनसीसी इकाई के जरिए 11 अगस्त को एनसीसी कैडेटों के नामांकन के लिए परीक्षा का आयोजन संत जोन्स प्लस टू विद्यालय रांची में किया जाएगा. इसके लिए प्रतिभागी झारखंड नौसेना एनसीसी इकाई के कार्यालय से आवेदन प्राप्त कर सकते हैं. 29 जुलाई से नौ अगस्त तक आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि है.

## जेपी पर स्पीकर ने जल्दबाजी में ले लिया फैसला: कांग्रेस

संवाददाता। रांची

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने जेपी पटेल की विधायकी समाप्त किए जाने पर आपत्ति जताई है. उनके मुताबिक स्पीकर रबीन्द्रनाथ महतो ने जल्दबाजी में यह फैसला लिया है. नियमतः जेपी पटेल को न्यायाधिकरण के समक्ष अपना पक्ष रखने का पूरा मौका देना चाहिए था. जल्दबाजी में उनको अयोग्य ठहराना सही नहीं है.

उन्होंने सवाल उठाया कि अगर जेपी पटेल पर स्पीकर ने फैसला दे दिया तो बाबूलाल मरांडी की सदस्यता को लेकर भी निर्णय देना चाहिए. उल्लेखनीय है कि जेपी पटेल को स्पीकर रबीन्द्रनाथ महतो ने को अयोग्य ठहराने संबंधी निर्णय दिया था. उल्लेखनीय है कि बाबूलाल मरांडी को विरुद्ध दल-बदल के आरोपों में स्पीकर न्यायाधिकरण में सुनवाई की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है. स्पीकर ने इसपर अपना निर्णय सुरक्षित रखा है. जानकारी के अनुसार स्पीकर जल्द ही अपना निर्णय सुना सकते हैं.

**हजारीबाग सीट से लड़ा था लोकसभा चुनाव :** उनके विरुद्ध भाजपा विधायक दल के नेता अमर कुमार बाउरी ने शिकायत की थी। जेपी पटेल लोकसभा चुनाव के पूर्व कांग्रेस में शामिल हो गए थे. उन्होंने हजारीबाग संसदीय सीट से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव भी लड़ा, लेकिन सफलता नहीं मिली. जेपी पटेल के साथ-साथ बोरियो से झामुमो के विधायक लोबिन हेम्ब्रम की भी विधायक समाप्त करने का निर्णय किया गया था. उनके विरुद्ध झामुमो अध्यक्ष शिबू सोरेन ने शिकायत की थी.

## नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

**रांची।** मां अम्बे होम्यो क्लिनिक की चिकित्सक डॉ रजनी शर्मा द्वारा सावन माह में हटिया रेलवे स्टेशन स्थित हनुमान मंदिर पर निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों लोगों के सवास्थ्य की जांच की गई. सावन में देवघर जाने वाले कांवरियों के लिए निःशुल्क दर्द की दवा का वितरण किया गया. आगे यह कैंप 3 अगस्त और 10 अगस्त को सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित किया जा रहा है. साथ ही डॉ. अमृतपाल सिंह, डॉ गुड़िया रानी दंत संबंधी परामर्श देंगी. यह कैंप मंदिर कमेटी के सदस्य कविन्द्र दूबे, गोपाल प्रसाद आदि के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है. कैंप में विश्वनाथ शर्मा, कार्तिक अमन शर्मा ,आर्यन शर्मा, विजय चौधरी, आलोक सिंह, डॉ. सुरिन्दर कौर नीलम , विजय पाण्डेय आदि उपस्थित रहे.

# दफादार-चौकीदार ने मुंह पर काली पट्टी बांध विरोध दर्ज कराया

संवाददाता। रांची



राजभवन के समक्ष मुंह पर काली पट्टी बांध कर विरोध दर्ज कराते दफादार चौकीदार.

छह सूत्री मांगों को लेकर झारखंड के सैकड़ों दफादर-चौकीदारों ने शनिवार को राजभवन के समक्ष मुंह में काली पट्टी बांध कर सरकार के खिलाफ विरोध दर्ज कराया. विरोध कर रहे लोगों ने कहा कि 29 जुलाई को झारखंड विधान सभा का घेराव किया जाएगा. धुर्वा मैदान में राज्य भर के दफादार-चौकीदार जुटेंगे. वहां से पैदल मार्च करते हुए विघान सभा घेरने पहुंचेंगे.

दुमका में अनुकंपा के रिक्त को विज्ञापन निकाल कर भरने का प्रयास हो रहा है. जबकि अनुकंपा में होने वाली नौकरियों के लिए पांच साल तक समय रहता है. लेकिन सरकार ने अनुंकपा वाली नौकरी को भरने के लिए विज्ञापन निकाला है. अध्यक्ष दयाल सिंह ने कहा कि पूरे झारखंड में 17 हजार दफादार चौकीदार हैं. जिसमें कार्यरत बलों की संख्या नौ हजार है. औऱ 450 लोग सेवाविमुक्त हैं. एक जनवरी 1990 से अब तक सरकारी कर्मचारी बनाने के लिए तीन आदेश पर बहाली की गई थी. अविभाजित बिहार सरकार के गृह पोस्ट मे आरक्षी विभाग के पत्रांक 10129 औऱ छह नवम्बर 1991 में पत्रांक संख्या 11287 औऱ 20 दिसम्बर 1995 में सरकार के गृह विभाग के पत्रांक 3206 दिनांक 15 जून 2002 के आलोक मे नियुक्ति की गई थी. 2015 से पूर्व की अनुंकपा पर नौकरी बहाल करने की मांग कर रहे हैं. 2011 से 2013 में सैकड़ों लोगों को दफादार चौकीदार की नौकरी से बाहर कर दिया गया. सेवा विमुक्त चौकीदार और अनुकंपा के आधार पर रिक्त पदों पर निकाले गए विज्ञापन को तत्काल रद्द किया जाए. मौके पर एतवा उराव, नेजावत अंसारी ,बाबू लाल लोहरा, अखिलेश साहू, सद्दाम अंसारी, बर्तु उरांव, तेजू पासवान, महेंद्र राम, महिपाल महली , अजीत कुमार, सिंहदेव गोप, विकाश सिंह, नंदलाल माहली हारु माझी, प्रदीप गोप, तपन कुमार पासवान, प्रदीप सोरेन, रंजीत कुमार समेत अन्य शामिल थे.

**खबरें कोर्ट की**

## लोहरदगा में भाकपा माओवादी की गिरफ्तारी और हथियार जब्ती का मामला

# एनआईए ने 23वें आरोपित के खिलाफ कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया

संवाददाता। रांची

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने शनिवार को अदालत में झारखंड में भाकपा माओवादी की गिरफ्तारी और हथियार जब्ती मामले में एक और आरोपित के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया. एनआईए ने झारखंड निवासी प्रदीप सिंह चेरो के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया है.

यह मामला आरसी-02/2022/एनआईए/ आरएनसी से जुड़ा है. यह इस मामले का 23वां आरोपित है. एनआईए से मिली जानकारी के अनुसार इस मामले में झारखंड पुलिस ने मूल रूप से नौ लोगों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया था. इससे पहले कि एनआईए ने जून 2022 में जांच अपने हाथ में ली और अगस्त 2023 से जुलाई 2024 के बीच पांच पूरक आरोपपत्र दाखिल की. एनआईए की जांच से




मामले में विभिन्न भाकपा माओवादी के सशस्त्र कैडरों और जमीनी समर्थकों की संलिप्तता उजागर हुई है. चेरो पर आईपीसी, आर्म्स एक्ट, विस्फोटक पदार्थ अधिनियम और यूए(पी) एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत आरोप पत्र दाखिल किया गया है. यह आरोप प्रतिबंधित भाकपा माओवादी द्वारा झारखंड में सुरक्षा बलों पर हमला करने की साजिश के तहत लगाया गया है. यह साजिश उनके शीर्ष कमांडर प्रशांत बोस की गिरफ्तारी का बदला लेने के लिए रची गई थी. यह हमला लोहरदगा जिले के पेशरार क्षेत्र में फरवरी 2022 में हुआ था. उस समय, क्षेत्रीय कमांडर रवींद्र गंझू के नेतृत्व में बड़ी संख्या में सीपीआई (माओवादी) कैडर सुरक्षा बलों पर हमला करने की साजिश रचने के लिए लोहरदगा के बुलबुल के जंगल क्षेत्र में एकत्र हुए थे.

गंझू के साथ सक्रिय सीपीआई (माओवादी) कैडर बलराम उरांव और मुनेश्वर गंझू के साथ 45-60 अन्य लोग शामिल थे. राज्य पुलिस और सीआरपीएफ सहित सुरक्षा बलों ने एक संयुक्त तलाशी अभियान शुरू किया था. इस दौरान उन पर सशस्त्र सीपीआई (माओवादी) कैडर ने हमला किया और अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी. इसके बाद एक तलाशी अभियान में भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया था. मामले में आगे की जांच जारी है.

## हेमंत की जमानत को चुनौती देनेवाली ईडी की याचिका पर 29 को सुनवाई

**रांची/नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ईडी की उस याचिका पर 29 जुलाई को सुनवाई करेगा, जिसमें कथित भूमि घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जमानत देने संबंधी झारखंड हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती दी गई है. न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ हाईकोर्ट के 28 जून के आदेश के खिलाफ संघीय एजेंसी की याचिका पर सुनवाई करेगी. झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष सोरेन ने इस मामले में 31 जनवरी को ईडी द्वारा गिरफ्तार किये जाने से कुछ समय पहले ही मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था. इस मामले में जमानत पर जेल से बाहर आने के बाद उन्होंने चार जुलाई को झारखंड के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी. हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान ईडी के वकील एसवी राजू ने एससी/एसटी पुलिस थाने में ईडी अधिकारियों के खिलाफ दर्ज मामलों का जिक्र करते हुए दलील दी थी कि अगर सोरेन को जमानत पर रिहा किया जाता है, तो वह इसी तरह का अपराध फिर करेंगे. हाईकोर्ट ने कहा था, यद्यपि ईडी द्वारा याचिकाकर्ता के आचरण को एजेंसी के अधिकारियों द्वारा उसके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी के आधार पर उजागर किया गया है, लेकिन मामले के समग्र परिप्रेक्ष्य में, याचिकाकर्ता द्वारा समान प्रकृति का अपराध करने की कोई संभावना नहीं है. सोरेन की जमानत याचिका का विरोध करते हुए ईडी ने आरोप लगाया था कि उन्होंने राज्य की राजधानी में बड़गाम अंचल में 8.86 एकड़ जमीन अवैध रूप से हासिल करने के लिए मुख्यमंत्री के अपने पद का दुरूपयोग किया था. ईडी ने दावा किया था कि जांच के दौरान सोरेन के मीडिया सलाहकार अभिषेक प्रसाद ने स्वीकार किया था कि पूर्व मुख्यमंत्री ने उन्हें उक्त भूखंड के स्वामित्व में बदलाव करने के लिए आधिकारिक आंकड़ों से छेड़छाड़ करने का निर्देश दिया था. संघीय एजेंसी ने दावा किया था कि भूखंड पर जब कब्जा किया जा रहा था, तब उसके असली मालिक राजकुमार पाहन ने शिकायत दर्ज कराने की कोशिश की, लेकिन उस पर कभी कार्रवाई नहीं हुई. सोरेन को ईडी ने कई बार तलब किया था, जिसके बाद उनसे उनके आवास पर पूछताछ की गई और फिर 31 जनवरी को उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया था.

# यूनाइटेड विद्यालय में पौधारोपण



यूनाइटेड उच्च विद्यालय में पौधारोपण करते लोग.

**रांची।** सामाजिक आर्थिक एवं संसदीय अध्ययन केंद्र द्वारा रांची के हिनू स्थित यूनाइटेड उच्च विद्यालय परिसर में शनिवार को पौधा रोपण का कार्यक्रम चलाया गया.

विद्यालय के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों के साथ संस्था के अधिकारियों, कार्यकर्ताओं ने सागवान ,सीसम, आम, गुलमोहर, चंपा, मौलश्री, आंवला जैसे फलदार, फूलों एवं छायादार पौधे लगाए तथा उनके पोषण हेतु जैविक खाद डाला. पर्यावरण संरक्षण एवं संतुलन के इस समेकित प्रयास में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने दो कदम आगे बढ़ कर कार्य किया. इस अवसर पर संस्था के सचिव अयोध्या नाथ मिश्र ने वैश्विक पारिवेशिक चुनौतियों का उल्लेख करते हुए प्रकृति के समन्वित जीवन पद्धति की आवश्यकता पर बल दिया.

गोष्ठी को अध्यक्ष ओपी लाल, विद्यालय की प्राचार्या डॉ. संगीता कुमारी, उपाध्यक्ष संजय खंडेलवाल, कोषाध्यक्ष नवीन कुमार झा एवं अरुण कुमार मिश्र ने विचार व्यक्त किये. संस्था के संयुक्त सचिव अमरनाथ झा ने संचालन किया. विद्यालय के वरीय शिक्षक दीपक पांडेय के निर्देशन में पौधा रोपण कार्य संपन्न हुआ.

## 3500 भक्तों ने लिया खिचड़ी भोग का आनंद

**रांची।** भुतहा तालाब के श्री चैती दुर्गा मंदिर में पिछले 5 वर्षों से कोरोना काल से और प्रत्येक शनिवार को भंडारा का आयोजन किया जा रहा है. शनिवार को श्री चैती दुर्गा मंदिर, भुतहा तालाब में प्रत्येक शनिवार की भांति इस शनिवार को भी भोग वितरण किया गया. हजारों की संख्या हजारों के संख्या में भक्तगण ने भंडारे का महाप्रसाद प्राप्त किया और भुताहा तालाब में लंबी-लंबी कतारें लगी थीं. इस वितरण कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित महासमिति के अध्यक्ष श्री शंकर दुबे, मुख्य संरक्षक किशोर साहू, रमेश सिंह, महामंत्री गोपाल पारीक, कोषाध्यक्ष संजय सिंह (लल्लू सिंह), पूर्व पार्षद आशा देवी, राहुल सिंह, नमन भारतीय, राहुल रजक, संजय तिवारी, करण सिंह, मोहित रजक, आयुष रजक (पवन), आकाश रजक, अर्जुन सिंह, रोहन सिंह, आशीष रजक, अभिषेक रजक (बाबू), यश वर्मा आदि गणमान्य लोग उपस्थित थे.

### श्रीराणी सती दादी का सिंधारा तथा कई धार्मिक संस्थाओं ओर से होगा सत्संग और भंडारे का कार्यक्रम

# राजधानी में आज रहेगी आध्यात्मिक कार्यक्रमों की धूम

संवाददाता। रांची

राजधानी में रविवार को अध्यात्मिक कार्यक्रमो की धूम रहेगी. एक ओर जहां श्रीराणी सती दादी का सिंधारा महोत्सव धूमधाम से मनाया जायेगा, वहीं विभिन्न धार्मिक संस्था की ओर से सत्संग किया जायेगा. भजन-भंडारा कर श्रद्धालु भक्ति में रमे रहेंगे. साथ ही देवाधिदेव महादेव के जलार्पण को कांवड़ियों का जत्था भी उत्साह और उमंग के साथ निकलेगा. सिरमोर पहाड़ी मंदिर, चुटिया का सुरेश्वर धाम और अंगड़ा बाड़ी में दूसरी सोमवारी पर सैलाब उमड़ेगा. शहर के अन्य शिवालयों में भी भोले भक्तों की भारी भीड़ उमड़ेगी. सुबह से दोपहर बाद तक महादेव का जलाभिषक के बाद सांझ ढलते श्रृंगार-पूजन आरती होगी. श्रीराणी सती मंदिर, सिंधारा महोत्सव के लिए सज-धज कर तैयार है. रविवार को सुबह सात बजे गणेश पूजन और सिंधारा से कार्यक्रम की शुरुआत होगी.

आठ बजे से झूला झूलती श्रीदादी के मनमोहक दरबार के समक्ष मंगला पाठ किया जायेगा. दोपहर बाद सुंदरकांड पाठ और शाम चार बजे से भक्ति गीतों का कार्यक्रम चलेगा. फिर समापन आरती तक गजरा उत्सव और मंगल सिंधारा के साथ नैवेद्य भोग लगाया जायेगा. अध्यक्ष सतीश तुलस्यान ने श्रद्धालुओं से इसमें बढ़-चढ़ कर भाग लेने की अपील की है.

### दूसरी सोमवारी को ले पहाड़ी मंदिर विकास समिति की बैठक



पहाड़ी मंदिर विकास समिति की बैठक में पदाधिकार एवं समिति के सदस्य गण.

पहाड़ी मंदिर में शनिवार को दूसरी सोमवारी को लेकर पहाड़ी मंदिर विकास समिति की बैठक प्रशासनिक पदाधिकारियों संग हुई. इसमें तैयारियों का जायजा लिया गया. साथ ही कावरियों और भक्तों को हरसंभव सहयोग देने को लेकर विचार-विमर्श किया गया. बैठक में एसडीएम उत्कर्ष कुमार, कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय, पूर्व आयुक्त जटा शंकर चौधरी, मंदिर विकास समिति के सचिव राकेश सिन्हा, राजेश साहू, बादल सिंह, अरुण वर्मा, दयाशंकर शर्मा, अजय सिंह, दीपांकर कुमार, दीपक नंदा, राजकुमार तलेजा शामिल थे.

### झूम कर निकलेंगे कावरिये

भोले बाबा के जलाभिषेक को कांवरिये सांझ ढलते ही झूम कर निकलेंगे. शहर के हृदयस्थली अल्बर्ट एक्का चौक पर भोले भक्तों का जमावड़ा रहेगा. यहां देर रात तक भक्ति रंग बिखेरने के बाद जल उठाने श्रद्धालु रवाना होंगे. कुछ पदयात्रा कर स्वर्णरेखा घाट जायेंगे, कुछ अंगड़ाबाड़ी के लिए बड़े-छोटे वाहनों से प्रस्थान करेंगे. जगह-जगह विभिन्न सामाजिक, धार्मिक और व्यवसायी संगठनों की ओर से सेवा शिविर लगा सभी के बीच चाय आदि का वितरण किया जाएगा. पहाड़ी मंदिर विकास समिति के सचिव राजेश सिन्हा ने बताया कि कावड़ियों की सुविधा को ध्यान में रख तड़के तीन बजे मंदिर का पट खोल दिया जायेगा.

### यहां चलेगा सत्संग भजन

सहज योग केंद्र, गांधी चौक, ब्रह्माकुमारी संस्थान, हरमू रोड, गायत्री शक्ति पीठ, सेक्टर टू, एमआरएस श्रीकृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के निर्माणाधीन श्रीप्रणामी मंदिर, पुंदाग सहित शहर के कई मंदिरों में रविवारीय सत्संग-भजन चलेगा. रातू में शिवचर्चा की जायेगी. कई सनातनी घरों और मंदिरों में रुद्राभिषेक का अनुष्ठान करेंगे.

## पहाड़ी बाबा के दर्शन को पहुंचे जस्टिस डॉ. एसएन पाठक



पहाड़ी बाबा की पूजा करते न्यायाधीश डॉ एसएन पाठक.

संवाददाता। रांची

हाई कोर्ट के न्यायाधीश डॉ एसएन पाठक शनिवार को पहाड़ी बाबा के दर्शन को पहुंचे. मौके पर पहाड़ी मंदिर विकास समिति की ओर से उनका पुष्प-गुच्छ देकर स्वागत किया गया. बाद में वे मुख्य मंदिर में बाबा का जलाभिषेक पूजन कर आरती उतारी. पुजारी पिंटू और मानिकांत पांडेय ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजन-अनुष्ठान कराया. मौके पर हाई कोर्ट के संजीव झा, राजीव चौरसिया, अमनदीप कुमार पांडेय, एसडीएम उत्कर्ष कुमार, मंदिर प्रबंधक समिति के राजेश कुमार, बादल सिंह, संस्थापक सदस्य दयाशंकर शर्मा बंटी मौजूद थे. लौटने के दौरान जस्टिस एसएन पाठक मंदिर परिसर का जायजा भी लिया. दयाशंकर शर्मा ने उन्हें मंदिर के धार्मिक और एतिहासिक महत्व की जानकारी दी. दयाशंकर ने बताया कि माननीय न्यायाधीश ने पहाड़ी मंदिर की प्राकृतिक खूबसूरती को बरकरार रखने की बात कही.

## कॉलेजों में टीचिंग असिस्टेंट का काम करेंगे सीनियर विद्यार्थी

संवाददाता। रांची

झारखंड के विश्वविद्यालयों एवं कॉलेजों में शिक्षकों को आवश्यक मदद प्रदान करने के लिए शैक्षणिक सहायक (टीचिंग असिस्टेंट) बहाल किए जाएंगे. इसकी जिम्मेदारी विश्वविद्यालय, कॉलेज के ही सीनियर छात्र-छात्राओं को दी जाएगी. नेट या जेट उत्तीर्ण विद्यार्थियों को इसमें प्राथमिकता दी जाएगी. उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग ने इसे लेकर प्रस्ताव तैयार किया है.

तैयार प्रस्ताव के अनुसार, टीचिंग असिस्टेंट अपने जूनियर छात्रों को नोट्स बनाने से लेकर विभिन्न विषयों में उनके संदेह को दूर करने में सहयोग प्रदान करेंगे. ये अपने विषय के शिक्षकों को भी पठन-पाठन में मदद करेंगे. किसी शिक्षक के अवकाश में रहने पर ये कक्षाएं भी ले सकेंगे. हालांकि, इसके लिए उन्हें स्नातकोत्तर उत्तीर्ण होना होगा. टीचिंग असिस्टेंट के रूप में काम करने के बदले उन्हें पारिश्रमिक के रूप में निर्धारित राशि भी दी जाएगी. इसका उपयोग वे अपनी आगे की शिक्षा में कर सकेंगे.

**खास बातें**

- उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग ने तैयार किया है प्रस्ताव
- सीनियर छात्र बनाये जाएंग टीचिंग असिस्टेंट, दूर करेंगे संदेह

### सामान्य स्नातकों के लिए भी अप्रेंटिसशिप योजना शुरू

बताते चलें कि विभाग ने पहली बार सामान्य स्नातकों के लिए भी अप्रेंटिसशिप योजना शुरू की है. इस योजना के तहत छात्र-छात्राओं को अप्रेंटिसशिप के दौरान 12 हजार रुपए मासिक छात्रवृत्ति भी मिलेगी. स्नातक उत्तीर्ण छात्र-छात्राएं उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग या किसी विश्वविद्यालय में अपनी योग्यता के अनुरूप अप्रेंटिसशिप कर सकेंगे.

### ग्रास रूट इनोवेशन इंटर्नशिप प्रोग्राम का भी प्रस्ताव तैयार

विभाग ने एक नई योजना ग्रास रूट इनोवेशन इंटर्नशिप प्रोग्राम का भी प्रस्ताव तैयार किया है, जिसके तहत उच्च एवं तकनीकी शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों को गांवों में इंटर्नशिप कराया जाएगा. छात्र-छात्राएं गांवों में जाकर वहां के पारंपरिक ज्ञान और कौशल का डॉक्यूमेंटेशन करेंगे. साथ ही ग्रामीण युवाओं को उनके आइडिया को मूर्त रूप देने के लिए स्टार्ट अप में आवश्यक सहयोग प्रदान करेंगे. इसके लिए भी उन्हें निर्धारित राशि प्रदान की जाएगी. इसके लिए अनुपूरक बजट में राशि का प्रावधान किया जा रहा है.

### झारखंड शिक्षा परियोजना के निदेशक के खिलाफ राज्यभर में प्रदर्शन

# विद्यालयों में शिक्षकों ने चप्पल पहन कर किया शैक्षणिक कार्य

ब्यूरो। रांची



स्कूल के बाद चप्पल पहनकर प्रदर्शन करते हुए शिक्षक एवं शिक्षिकाएं.

अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के आह्वान पर झारखंड शिक्षा परियोजना के निदेशक आदित्य रंजन के बयान के विरोध में शनिवार को राज्य भर में शिक्षकों ने प्रदर्शन किया. आईएएस आदित्य रंजन द्वारा शिक्षकों को चप्पल से मारने की बात कहने से प्रदेश के शिक्षकों आक्रोश में है. संघ के अध्यक्ष अनूप केसरी, महासचिव राममूर्ति ठाकुर, मुख्य प्रवक्ता नसीम अहमद के नेतृत्व में राजधानी सहित प्रदेश के प्राथमिक और मध्य विद्यालय के शिक्षक/शिक्षिकाओं ने हवाई चप्पल में ही स्कूल पहुंच कर पठन-पाठन कार्य किया. शिक्षकों ने प्रदर्शन के दौरान शिक्षकों को अपमानित करना बंद करो, एसपीडी आदित्य रंजन माफी मांगो माफी मांगो जैसे नारे भी लगाये. वहीं संघ के प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षा मंत्री से मुलाकात कर परियोजना निदेशक को हटाने की मांग की.

अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ ने राज्य परियोजना निदेशक को शिक्षा विभाग से मुक्त कर स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग में दूषित हो रहे वातावरण को स्वस्थ बनाए रखने की मांग सरकार से की. संघ की ओर से कहा गया है कि शिक्षकों से चप्पल मारने की बात कहना समाज, शिक्षक, शिक्षा विभाग एवं सरकार के लिए अशोभनीय है. समस्त शिक्षक समाज आदित्य रंजन के इस बयान से मर्माहत है. विभाग के वरीय अधिकारी के इस तरह के बयान सामने आने से सरकारी स्कूल की नकारात्मक छवि रेखांकित होना स्वाभाविक है, जबकि विभागीय उच्चाधिकारियों से यह अपेक्षा रहती है कि विभाग कार्यालय और शिक्षकों से टीम भावना में बर्ताव करते हुए सुधारात्मक एवं सकारात्मक कार्य करे. विरोध करने वालों में अनूप केसरी, राममूर्ति ठाकुर, नसीम अहमद, असदुल्लाह, दीपक दत्ता, वाल्मीकि कुमार, हरे कृष्णा चौधरी, अनिल कुमार सिंह, राकेश कुमार, अजय ज्ञानी आदि लोग शामिल थे.

### शिक्षकों का सम्मान प्राथमिकता : निदेशक

झारखंड शिक्षा परियोजना के निदेशक आदित्य रंजन ने कहा है कि मैं इस तरह की बात शिक्षकों को लेकर कह ही नहीं सकता. यह पुराना वीडियो है, जिसे वायरल किया जा रहा है. शिक्षकों का यह प्रशिक्षण कार्यक्रम मई और जून में हुआ था. प्रशिक्षण के दौरान मैंने अपनी आपबीती शिक्षकों के सामने रखी थी. इसी वायरल वीडियो में शिक्षक हंस भी रहे हैं. इस वीडियो को एडिट कर वायरल किया गया है. अगर इसके बाद भी किसी को लगता है कि उन्होंने ऐसा कुछ कहा है, जिससे उनकी भावना आहत होती है, तो वह इस पर खेद जताते हैं.

**खास बातें**

- शिक्षकों ने आदित्य रंजन के खिलाफ की नारेबाजी
- परियोजना निदेशक को शिक्षा विभाग से मुक्त करने की मांग

## न्यूज अपडेट

### श्रद्धालुओं ने पाया श्रीश्याम भंडारा का प्रसाद

**रांची।** श्रीश्याम मंदिर में शनिवार को श्रीश्यामि मित्र मंडल की ओर से 122वां श्रीश्याम भंडारा चलाया गया. इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद रूप में स्वादिष्ट व्यंजन ग्रहण किया. शाम चार बजे श्यामसुंदरऔर प्रीति सौंथलीया ने सपरिवार मुख्य यजमान के रूप में पूजा-अर्चना कर ईश्वर और गुरुजनो को भोग लगया. पहले आचार्यों को भोग लगा प्रसाद ग्रहण कराया, फिर आम भक्तों के बीच वृहत रूप में भंडारा चलाया गया. अध्यक्ष सुरेश सरावगी, प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, श्रवण ढानढनिया, पूर्व सांसद अजय मारू, मनोहर केड़िया, अनुज मोदी, रमा सरावगी, कमलेश सावा, श्याम सुंदर जोशी, अंकित सिंह, अमित सरावगी, राहुल मारू आशीष डालमिया आदि ने इसके सफल संचालन में मुख्य योगदान दिया.

### इनरव्हील क्लब ने ग्रामीण इलाके में बांटे 101 छाते



इनरव्हील क्लब ऑफ रांची का छाता वितरण कार्यक्रम

**रांची।** इनरव्हील क्लब ऑफ रांची की सदस्यों ने पश्चिमी रांची के लोदमा में 101 जरूरतमंद लोगों के बीच छाते का वितरण किया. छाते के साथ-साथ इनर व्हील क्लब ने प्रखंड अस्पताल में दो जरूरतमंदों को व्हील चेयर भी उपलब्ध कराया. इनरव्हील रांची ने प्रगति के साथ संयुक्त प्रोजेक्ट के अंतर्गत पौधरोपण भी किया. साथ ही ग्रामीणों के बीच परिवार नियोजन विषय पर चर्चा कर उन्हें जागरूक करने का प्रयास भी किया गया. मौके पर क्लब की प्रेसिडेंट नीलम ललित, सचिव अन्नू, नीतू कपूर, कांति पांडेय, एंजेला, ज्योति सहित कई अन्य सदस्य मौजूद थीं.

### झिगा मुंडा मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट आयोजित



विजयी खिलाड़ी को सम्मानित करते समाजसेवी अमित मुंडा.

**रांची।** डीआईजी मैदान खिजुरिया टोली में झिगा मुण्डा मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया. सेमीफाइनल राउण्ड मैच में बतौर मुख्य अतिथि समाज सेवी अमित मुंडा शामिल हुए. उन्होंने आयोजक अर्जुन मुंडा एवं उनकी पूरी टीम को इस बेहतरीन आयोजन के लिए आभार व्यक्त किया. उन्होंने खिलाडियों को खेल के प्रति आगे बढ़ने के लिए के लिए प्रेरित किया.कहा फुटबॉल से मानसिक और शारीरिक विकास को मजबूत बनाता है.

### सीसीएल में क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन



क्षमता निर्माण कार्यक्रम में अधिकारी एवं कर्मचारी.

**रांची।** मानव संसाधन विकास विभाग ने सतर्कता विभाग के सहयोग से वित्त पर तीन दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया. उद्घाटन सत्र में निदेशक( वित्त) पवन कुमार मिश्रा एवं सीवीओ सीसीएल पंकज कुमार शामिल रहे. अतिथियों ने प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रेरक भाषण दिए. जीएम (एचआरडी) रामाकांत पांडेय ने प्रतिभागियों का स्वागत किया. कार्यक्रम में कुल 35 प्रतिभागियों ने भाग लिया. सत्र के दौरान वित्त मैनुअल,जेम खरीद और भुगतान,एसएपी में बजटिंग,निविदाओं में सामान्य त्रुटियां विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई. कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों के वित्तीय ज्ञान और प्रक्रियात्मक दक्षता को बढ़ाना एवं वित्तीय मामलों में बेहतर अनुपालन और प्रभावशीलता को बढ़ावा देना है।

### मेकॉन को मिला जीईईएफ ग्लोबल वाटरटेक अवार्ड

**रांची।** मेकॉन को वर्ष 2024 के लिए जल संरक्षण कंपनी श्रेणी में प्रतिष्ठित " जीईईएफ ग्लोबल वाटरटेक अवार्ड 2024" से नवाजा गया है। नई दिल्ली में आयोजित समारोह में मेकॉन के निदेशक (परियोजनाएं) पीके दीक्षित को यह पुरस्कार दिया गया. मेकॉन ने "वर्ष की जल संरक्षण कंपनी" श्रेणी के लिए अपना नामांकन किया था. जिसमें एनएमडीसी-नगरनार में सीजेडएलडी प्लांट, आरएसपी-राउरकेला में जेडएलडी का कार्यान्वयन, जेएसडब्ल्यू तारापुर में जेडएलडी के साथ ईटीपी और बीएसएल-बोकारो के सीआरएम-थ्री कॉम्प्लेक्स में जेडएलडी के साथ अन्य ट्रीटमेंट संयंत्र जैसी परियोजनाओं के माध्यम से अपनी विशेषता पेश की थी। नामांकन के लिए जूरी के समक्ष प्रस्तुत उपरोक्त सभी परियोजनाएं मेकॉन लिमिटेड के एफएस एंड पीडी अनुभाग द्वारा निष्पादित की गई थीं.

### दही-हांडी प्रतियोगिता 26 को, तैयारी जोरों पर



दही-हांडी प्रतियोगिता की जानकारी देते समिति के संयोजक इंद्रजीत यादव.

**रांची ।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी एवं दही हांडी प्रतियोगिता आयोजन समिति, हरमू इस बार भी दही-हांडी प्रतियोगिता का भव्य आयोजन करेगी. हरमू मैदान में इसके आयोजन को लेकर जोर-शोर से तैयारी की जा रही है. समिति के संयोजक इंद्रजीत यादव ने बताया कि 26 अगस्त को शाम पांच से रात नौ बजे तक कार्यक्रम चलेगा. मौके पर मुरलीधर के जीवन चरित्र पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किये जायेंगे. उन्होंने बताया कि इसके लिए 12000 स्क्वायर फुट का वाटरप्रूफ पंडाल बनाया जायेगा. संरक्षक नवीन झा ने बताया कि प्रतियोगिता में विजयी गोविंदाओं की टीम को प्रथम पुरस्कार 51000, द्वितीय को 31000 और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले को 21000 हजार नगद पुरस्कार और शील्ड दिया जाएगा. अध्यक्ष बनारस यादव ने बताया कि पुरुषों की दही से भरी हांडी की ऊंचाई 20 फीट और महिलाओं के लिए 18 फीट होगी. निबंधन के लिए 748895640 8 और 9572 657488 नंबर पर संपर्क किया जा सकता है. 16 अगस्त से निबंध कार्य शुरू हो जाएगा. भाग लेने के इच्छुक 20 अगस्त तक रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं. समिति के संरक्षक शंभू नाथ यादव ,अरुण कुमार झा, ललन सिंह, उपाध्यक्ष गोरखनाथ यादव, एसएन सिंह, जितेंद्र यादव, श्रवण यादव, महासचिव प्रमोद राय, सचिव रितेश यादव , प्रशांत यादव, गोविंद वाल्मीकि, रवि गोंड, कोषअध्यक्ष शिवकुमार सिंह इसके सफल आयोजन में मुख्य योगदान दे रहे हैं.

### कॉथलिक चैरिटीज ने खेती से संबंधित उपकरण बांटे

**रांची ।** कॉथलिक चैरिटीज रांची की ओर से रांची जिला के बुढ़मू प्रखण्ड के आठ गांवों के 50 किसानों के बीच सतत एवं उन्नत कृषि संबंधित उपकरण का वितरण किया गया. बुढ़मू के 50 आदिवासी किसानों के बीच वीडर मशीन, टमाटर बीज और डीकम्पोजर का वितरण किया गया. यह प्रोजेक्ट मानोस यूनीतास स्पेन द्वारा दी मदद से संचालित होता है. इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में कृषि पदाधिकारी कमल कुमार उरांव शामिल हुए. इस बीच किसानों को फसल-चक्र, जैविक-खाद, मिट्टी जांच, रोग रोधी बीज, नैनो यूरिया और डीआई.पीकी जानकारी दी गई. मौके पर जिला परिषद सदस्य रामजीत गंझू, हरिदेव साहू, प्रखण्ड पदाधिकारी कमल कुमार उरांव, मेरी मगदली बागे, फादर विनय केरकेट्टा समेत कर्मचारी और प्रगतिशील किसान उपस्थित थे. कॉथलिक चैरिटीज के निदेशक ने सभी को धन्यवाद एवं आभार प्रकट किया.

### शहीद भगत सिंह का सम्मान समारोह आज

**रांची ।** गुरु नानक भवन, कृष्णा नगर कॉलोनी में रविवार को शहीद भगत सिंह का सम्मान समारोह होगा. गुरु नानक सेवक जत्था ने इसकी तैयारी पूरी कर ली है. इसमें केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ मुख्य और मधुमेह विशेषज्ञ डॉ. अजय छाबड़ा विशिष्ट अतिथि के रूप में हिस्सा लेंगे. मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने बताया कि मौके पर रक्तदान शिविर लगाया जायेगा. साथ ही राज्य के मानवतावादी को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए जत्था सम्मानित करेगा. इसके लिए 70 लोगों का चयन किया गया है. सूरज झंडई, रौनक ग्रोवर, हरविंदर सिंह मिढ़ा, करण अरोड़ा, पीयूष मिढ़ा, आयुष पपनेजा, रुद्र गिरधर, हर्ष सरदाना, इनीश काठपाल, वंश डावरा, आकाश पपनेजा, कशिश नागपाल, गीतांशु गांधी, हर्षित बजाज, आयुष गांधी, गीतांशु तेहरी आदि इसके सफल आयोजन में योगदान दे रहे हैं. गुरु नानक सेवक जत्था द्वारा 28 जुलाई को कृष्णा नगर कॉलोनी, रातू रोड स्थित गुरु नानक भवन में आयोजित शहीद भगत सिंह सम्मान समारोह के आयोजन को लेकर जत्था की एक विशेष बैठक बुलाई गई.

### अग्रवाल सभा की कार्यकारिणी का चुनाव आज

**रांची।** अग्रसेन भवन में रविवार को अग्रवाल सभा का चुनाव होगा. सत्र 2024-26 के लिए 31 कार्यकारिणी सदस्य चुने जायेंगे. निर्वाचन पदाधिकारी सुरेशचंद्र अग्रवाल ने बताया कि दिन के दस बजे से आम सभा बुलायी गयी है. इसके बाद दिन के 11 बजे से शाम चार बजे तक मतदान चलेगा. चुनाव मैदान में भाग्य अजमा रहे 38 प्रत्याशियों का फैसला 2455 मतदाता करेंगे. सह निर्वाचन पदाधिकारी अशोक कुमार नारसरिया ने बताया कि चुनाव की सारी तैयारी पूरी कर ली गयी है. उन्होंने बताया कि मतदाताओं को 31 उम्मीदवार के नाम पर टीक मार्क लगाना अनिवार्य है. कम या अधिक टीक मार्क लगाने और काट-छांट करने पर मतपत्र अवैध घोषित कर दिए जायेंगे. वोट देने के लिए फोटो युक्त पहचान पत्र लाना जरूरी है. उन्होंने सदस्यों से इसमें बढ़-चढ़ कर भाग लेने की अपील की है.

**तैयारी**

### विश्व आदिवासी दिवस पर जमीन की लूट के खिलाफ होगा एकजुटता का प्रयास

# आदिवासी युवा निकालेंगे बाइक रैली, करेंगे शक्ति प्रदर्शन

संवाददाता। रांची



मीडिया के समक्ष कार्यक्रम का पोस्टर जारी करते आदिवासी नेता.

राजधानी के आदिवासी युवा विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर शक्ति प्रदर्शन करेंगे. इस बार नौ अगस्त को विभिन्न आदिवासी संगठन के युवा बाइक रैली निकालेंगे. झारखंड में जमीन लूट को रैली के माध्यम से लोगों को मैसेज देंगे. सुबह नौ बजे हजारों युवा बाइक लेकर मोरहाबादी की बापू वाटिका के सामने पहुंचेंगे. वहां से डॉ. रामदयाल मुंडा पार्क, हरमू रोड, अरगोडा रोड होते हुए बिरसा मुंडा चौक पहुचेंगे. झारखंड के सभी वीर शहीदों को माल्यार्पण करते हुए पुनः मोरहाबादी में पहुचेंगे, जहां रैली सभा में तब्दील हो जाएगी. यहां लोगों को सम्बोधित किया जाएगा. शनिवार को विभिन्न आदिवासी संगठनों के प्रतिनिधियों ने प्रेस क्लब में मीडिया को संबोधित किया. सामाजिक कार्यकर्ता शशि पन्ना ने कहा कि नौ अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा. इस महोत्सव के माध्यम से आदिवासी युवाओं को एकजुट करने का प्रयास होगा. झारखंड में आदिवासियों की जमीन की लूट के खिलाफ शक्ति प्रदर्शन करेंगे. इस दिन राज्य के स्कूल, कॉलेज और सरकारी विभाग को बंद करने की मांग की जाएगी. एसआर कोर्ट में आदिवासियों के हजारों केस लंबित पड़े हुए हैं. इससे लोगो को अवगत कराया जाएगा.

आदिवासी संगठन से जुडे अलविंद तिर्की ने कहा कि आदिवासी दिवस पर पूर्वजों के संघर्ष को याद किया जाएगा. आदिवासियों की भाषा संस्कृति को जीवंत करने का प्रयास होगा. आदिवासियों को संवैधानिक तरीके से जमीन पर हक नहीं मिल पा रहा है. आदिवासी युवा अजित लकडा ने कहा कि नौ अगस्त को बाइक रैली के दौरान ट्रैफिक व्यवस्था का प्रभाव नही पड़े, इसके लिए प्रशासन से सहयोग की मांग की जाएगी. देश संविधान से चलता है. संविधान का सही तरीके से पालन नही हो रहा है, क्योकि झारखंड में सीएनटी एक्ट और एसपीटी एक्ट लागू है. इसके बावजूद भी आदिवासियों की जमीन की लूट थम नहीं रही है. जमीन से संबंधित अधिकारी भूस्वामियों की बात नहीं सुन रहे है. कोर्ट कचहरी का हवाला देकर भोले-भाले आदिवासियों को फंसाया जा रहा है.

**खास बातें**

- थम नहीं रही है आदिवासियों की जमीन की लूट
- नौ बजे मोरहाबादी की बापू वाटिका के सामने पहुंचेंगे युवा

## जनजातीय कलात्मक अभिव्यक्तियों का प्रदर्शन

संवाददाता। रांची




ऑड्रे हाउस, रांची में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र(आईजीएनसीए), क्षेत्रीय केंद्र, रांची और पर्यटन, कला, संस्कृति, खेल एवं युवा मामले विभाग, झारखंड सरकार तथा मोक्षम शरणम आर्ट गैलरी, रांची के संयुक्त तत्वावधान में आड्रे हाउस में चित्रकला प्रदर्शनी तीसरे दिन भी जारी रही. यह प्रदर्शनी रविवार शाम 6 बजे तक रहेगी. प्रदर्शनी के तीसरे दिन में कला प्रेमियों का हुजूम उमड़ता रहा. कला प्रदर्शनी में चित्रों का जीवंत संग्रह प्रदर्शित किया गया, जिसे झारखंड की सांस्कृतिक समृद्धि और जीवन शैली को कलात्मक अभिव्यक्ति दी गयी है.

चित्रकारों ने झारखंड के विविध आदिवासी समुदायों के रहन-सहन, बात-व्यवहार, खान-पान आदि को कैद किया, जो प्रकृति और पर्यावरण के साथ उनके गहरे संबंध को दर्शाता है. प्रदर्शनी में न केवल झारखंड के जनजातीय समुदाय की अनूठी जीवन शैली एवं कलात्मक अभिव्यक्तियों को प्रदर्शित किया गया है, बल्कि यह स्थायी जीवन और स्वदेशी संस्कृतियों के संरक्षण के महत्व की एक मार्मिक याद भी दिलाती है. चित्रकार हेमलता दत्त की चित्रकारी में सोहराई और खोवर भारत के पूर्वी भाग में विशेष रूप से झारखंड के हजारीबाग जिले में प्रचलित दीवार चित्रकला या भित्ति चित्र दिखाया गया है. यह कला सोहराई के त्योहार से संबंधित है. जो दिवाली के बाद शरद ऋतु के महीनों के दौरान मनाया जाता है. खोवर पेंटिंग विशेष रूप से क्षेत्र में जनजातीयों के बीच विवाह अनुष्ठानों से संबंधित है. यह मानसून के बाद और धान की कटाई के मौसम की शुरुआत में मनाया जाता है. यह कार्यक्रम आईजीएनसीए क्षेत्रीय केंद्र, रांची के द्वारा झारखंड के प्रसिद्ध चित्रकारों रामानुज शेखर, हिमाद्री रमानी, हेमलता दत्ता, सीआर हेम्ब्रम एवं डॉ. भारती द्वारा बनाई गई पेंटिंग्स संग्रह का कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया.

## पाकुड़ का केकेएम कॉलेज हॉस्टल आधी रात को बना रणक्षेत्र, अपहरण की सूचना पर पहुंची पुलिस की छात्रों से हो गई भिड़ंत, मामला दर्ज

# पुलिस ने हॉस्टल के छात्रों को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा,10 से अधिक स्टूडेंट घायल

संवाददाता। पाकुड़



पुलिस की पिटाई से घायल केकेएम कॉलेज छात्रावास के छात्र.

जिला मुख्यालय स्थित केकेएम कॉलेज के छात्रावास में बीती रात छात्रों पर जानलेवा हमला किया गया. घटना में कई छात्र घायल हो गये. सभी घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है. घटना मध्य रात्रि में घटित बताई जा रही है. छात्रों ने पुलिस वालों पर मारपीट का आरोप लगाया है.

वहीं पुलिस की तरफ से छात्रों की तरफ से हमले की बात बताई गई है. घटना के संबंध में छात्र नेता कमल मुर्मू ने बताया कि आक्रोश रैली के पूर्व निर्धारित कार्यक्रम को रोकने के लिए बीती रात करीब साढ़े दस बजे एक पुलिस पदाधिकारी और एक चालक छात्रावास में आये और आक्रोश रैली रोकने की बात कही. लेकिन जब इसका विरोध किया गया, तो पुलिस पदाधिकारी वहां से चले गये. मध्य रात्रि में करीब सौ पुलिस पदाधिकारी और जवान लाठी डंडे लेकर फिर छात्रावास पहुंचे और छात्रों की पिटाई की. उसके बाद फिर वे सभी चले गये. उन्होंने बताया कि पुलिस की पिटाई में 10 छात्र घायल हो गये. सभी घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है. छात्र नेता ने कहा कि आक्रोश रैली को पुलिस भले ही रोकने का प्रयास करे, लेकिन यह रैली निकल कर रहेगी.

**पुलिस का कहना है- अपहरण की सूचना पर गए थे :** उधर, पाकुड़ एसपी प्रभात कुमार ने घटना की पुष्टि की है. उन्होंने बताया कि बीती रात 10.30 बजे पाकुड़ टाउन थाना गश्ती दल अपहरण की सूचना प्राप्त होने पर मोबाइल लोकेशन के आधार पर केकेएम कॉलेज परिसर में जांच के लिए पहुंचा.अपहृत की अंतिम लोकेशन कॉलेज के आसपास बताई गई थी. कॉलेज के मैदान में एक छात्र बैठा था. पुलिस की गश्ती टीम ने जब उक्त छात्र से पूछा कि किसी को देखे हो, तो उक्त छात्र कहने लगा तुम कैम्पस कैसे घूस आए. इसके बाद हल्ला मचा दिया. इसके बाद उसके तीन दर्जन साथी हॉकी स्टिक लेकर आ गए. गश्ती में शामिल दो पुलिसकर्मी भागकर अपने वाहन में बैठ गए. तब तक छात्रों ने वाहन के पास पहुंच कर हमला कर दिया. इस दौरान जम कर मारपीट हुई. कुछ देर बाद थाना प्रभारी भी दलबल के साथ पहुंचे तो उन पर भी हमला किया गया. दोनों तरफ के झड़प में दो पुलिस जवानों समेत एक दर्जन लोग चोटिल हो गये. फिलहाल स्थिति सामान्य है.

इस मामले में नगर थाना प्रभारी सह पुलिस निरीक्षक अनूप रोशन भेंगरा ने बताया कि बीती रात एक अपहरण की सूचना मिली थी. उसकी मोबाइल लोकेशन के जरिए जांच की जा रही थी. मोबाइल लोकेशन कॉलेज के पास का मिला था. इसी आधार पर सब इंस्पेक्टर नागेंद्र कुमार को जांच के लिए भेजा गया था, तभी वहां मौजूद कुछ युवकों ने पुलिस पर हमला कर दिया. इसमें हमारे अधिकारी और एक अन्य व्यक्ति घायल हो गए. उन्होंने बताया कि इस मामले में प्राथमिकी दर्ज की गई. जब जांच के लिए दूसरे अधिकारी और जवान को भेजा गया तो वे फिर से मारपीट करने लगे, जिसमें कई जवान और अधिकारी घायल हो गए. उन्होंने बताया कि आक्रोशित युवकों को हटाने और शांत करने के लिए हल्का बल प्रयोग किया गया. थाना प्रभारी ने बताया कि इस मामले में दो अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज की गई है.

### अमर बाउरी ने छात्रों पर हुए हमले की निंदा की

केकेएम कॉलेज में छात्रों और पुलिस के बीच हुई हिंसक झड़प पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने कहा कि पाकुड़ में जनाक्रोश महारैली थी, लेकिन उसे विफल बनाने के लिए रात में करीब 12 :30 बजे पुलिस की वर्दी में उपद्रवी तत्वों ने आदिवासी कल्याण बालक छात्रावास केकेएम कॉलेज पाकुड़ में जानलेवा हमला कर दिया. जमकर तांडव और उत्पाद मचाया. कुछ बच्चे घटना के बाद से ही गायब हैं. यह घटना निंदनीय है. उन्होंने कहा कि इस दमनकारी झामुमो-कांग्रेस-राजद सरकार पाकुड़ को जहां बांग्लादेशियों का चारागाह बना रही है, तो वहीं मूलवासी-आदिवासी जनमानस के आक्रोश व विरोध को लाठी-डंडे के माध्यम से दबाने का प्रयास कर रही है. उन्होंने कहा कि पाकुड़ जिला के उपायुक्त व पुलिस प्रशासन मामले में दोषियों को चिन्हित करें और कड़ी से कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करें. पाकुड़ में कानून का राज स्थापित किया जाए ना की गुंडों का.

## ब्रीफ खबरें

### उलीडीह:युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या की

**जमशेदपुर।** उलीडीह के शंकोसाई श्यामनगर के विजय दिगा उर्फ गुडू ने बीती रात फांसी लगा आत्महत्या कर ली. जानकारी परिजनों को देर रात 1 बजे तब हुई जब वे विजय के कमरे में गए. परिजनों ने पाया कि वह फंदे से लटका है. विजय को फंदे से उतारा गया पर उसकी मौत हो गई थी. पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. थानेदार अमित कुमार ने बताया कि विजय कुछ काम नहीं करता था. उसकी पत्नी उसे छोड़ कर चली गई थी जिससे वह नशे का आदी हो चुका था. शुक्रवार को भी वह डिप्रेशन में था. इस संबंध में पुलिस ने आस्वभाविक मौत का मामला दर्ज किया है.

### संत माईकल स्कूल,मुरी में ग्रीन डे मनाया गया

**सिल्ली/मुरी।** सिल्ली प्रखंड के संत माईकल स्कूल मुरी, में ग्रीन डे उत्साह के साथ मनाया गया. इस अवसर पर वर्ग नर्सरी से वर्ग द्वितीय के छात्रों ने बढ़ चढ़कर कर हिस्सा लिया. इस कार्यक्रम में बच्चे हरे रंग के परिधान में आए. बच्चे आम, पेड़, अंगूर, हरा मकई, भिंडी, मिर्च, पालक, कद्दू, पपीता, अमरूद आदि परिधान में आए. इस कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका सपना दत्ता ने किया. इस मौके पर विद्यालय के प्राचार्य एवम् सभी शिक्षक शिक्षिकाएं रीना साहु, दीपिका कुमारी, श्वेता सिंह, श्वेता सिंह पांडेय, शोभा शर्मा,सिमरन अफसाना, प्रतिमा कुमारी, प्रशांत गौराई आदि उपस्थित थे.

### मेधावी बच्चों को किया गया सम्मानित,लोगों ने दी बधाई

**ओरमांझीः** प्रोजेक्ट प्लस टू हाई स्कूल सदमा के सभागार में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. मुख्य अतिथि प्रमुख अनुपमा देवी ने कहा कि शिक्षा पाने का लक्ष्य केवल निजी या सरकारी विभाग में उच्च पदों पर आसीन होना नहीं है,बल्कि श्रेष्ठ समाज की रचना में सक्रिय भूमिका का निर्वहन करना है. समारोह में विशिष्ट अतिथि शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सीमा कुमारी, जिप सदस्य कमिश्नर मुंडा,सदमा मुखिया सुनील उरांव, उप मुखिया संतोष गुप्ता,22 पड़ाह अध्यक्ष बाबूलाल महली उपस्थित थे. .

### संकुल महिला ग्राम संगठन का वार्षिक आमसभा संपन्न

**राहे।** प्रखंड के राहे पंचायत के संकुल महिला ग्राम संगठन की वार्षिक आमसभा शनिवार को संपन्न हुई. ग्रामसभा का विधिवत उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर किया गया है. मुख्य अतिथि के रुप मे जिप सदस्य बादल महतो, उपप्रमुख उमेश महतो,आजसु महिला अध्यक्ष मीरा महतो, मुखिया कृष्णा पातर मौजूद थे. आमसभा में ग्राम संगठन बेलवाटीकर ओर ग्राम संगठन राहे को उत्कृष्ट ग्राम संगठन , दीप ज्योति समिति पाठकडीह को उत्कृष्ट स्वयं सहायता समूह ,तथा सुचित्रा देवी को अव्वल सक्रिय सदस्य, अनीता देवी को आजीविका कृषि सखी के पुरस्कार से नवाजा गया.

### शिक्षकों ने हवाई चप्पल पहनकर किया विरोध प्रकट

**ओरमांझी।** झारखंड शिक्षा परियोजना निदेशक के द्वारा अमर्यादित भाषा के विरुद्ध में अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के आह्वान पर ओरमांझी प्रखंड के शिक्षकों ने हवाई चप्पल पहनकर कड़ा विरोध जताया. इस अवसर पर अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रखंड अध्यक्ष सतीश बड़ाईक, अरविंद कुमार, सहदेव कुमार, सविता पन्ना, पवन प्रकाश, अनिरुद्ध श्रीवास्तव, सुनीति बागे कमर रशीद,मो जमाल अंसारी, आशा कुमारी, निर्मला कुजूर अनुपाशील बाला कुजूर, संगीता कुमारी, प्रभा देवी आदि शामिल थे.

### विष्णुगढ़ और केरेडारी में कई राउंड फायरिंग से हड़कंप

# हजारीबाग में उग्रवाद व अपराध हुआ बेकाबू

संवाददाता। हजारीबाग



घटनास्थल पर बिखरे कारतूस के खोखे, पुलिस ने किए बरामद.

जिले के विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र के कोनार डैम में बीती रात अज्ञात अपराधियों ने गोलीबारी की. अपराधियों ने 12 से अधिक राउंड फायरिंग की है. भाकपा माओवादी ने मौके पर पर्चा छोड़ कर घटना की जिम्मेवारी ली है. फायरिंग की सूचना पर विष्णुगढ़ थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे और पांच खोखा बरामद किया है. थाना प्रभारी ने बताया कि कोनार डैम के पास अपराधियों ने फायरिंग की है. मौके से खोखा और भाकपा माओवादी का पर्चा मिला है. पुलिस मामले की जांच कर रही है.

**केरेडारी के चट्टी बरियातू में भी अपराधियों ने की गोलीबारी :** वहीं जिले के केरेडारी थाना के चट्टी बरियातू में भी बीती रात अज्ञात अपराधियों ने खूब तांडव मचाया. अपराधियों ने एनटीपीसी के अधीनस्थ कार्य कर रही रित्विक कंपनी के ऑथराइज्ड टाइकून वर्कशॉप में ग्रेडर मशीन और हाइवा को आग के हवाले कर दिया. इसमें से एक गाड़ी जलकर खाक हो गया है. जबकि दूसरी गाड़ी को थोड़ा नुकसान हुआ है. तिवारी (पांडे) गिरोह ने घटनास्थल पर पोस्टर चिपका कर इस घटना की जिम्मेवारी ली है. पोस्टर में लिखा है कि हजारीबाग जिले में जितने भी कोल माइंस और कोल ट्रांसपोर्टर हैं, सभी को चेतावनी देता हूं कि बिना हमसे संपर्क किये अगर कोई काम करते हैं, तो वो पिस्टल की गोली खाने के लिए तैयार रहें. पोस्टर में निवेदक में विपिन पांडे का नाम जिक्र किया गया है. तिवारी गिरोह के अपराधियों ने टायकून कंपनी में काम कर रहे कर्मियों को जान मारने की भी धमकी दी है.

**तिवारी (पांडे) गिरोह ने ली घटना की जिम्मेवारी :** इस संबंध में केरेडारी थाना प्रभारी अजीत कुमार ने बताया कि घटनास्थल से कोई खोखा बरामद नहीं किया गया है. अज्ञात अपराधियों ने दो बड़ी वाहनों को आग के हवाले कर दिया है. इसमें से एक गाड़ी जलकर खाक हो गया है. जबकि दूसरी गाड़ी को थोड़ा नुकसान हुआ है. कहा कि शुरुआती जांच के अनुसार, तिवारी (पांडे) गिरोह ने इस घटना का अंजाम दिया है.

### भाकपा माओवादी ने ठेकेदारों, मुंशी और मशीन ऑपरेटरों को दी जान से मारने की धमकी

बता दें कि भाकपा माओवादी ने मौके पर पांच पर्चा छोड़ कर कहा है कि गद्दार ठेकेदारों के अधीन काम करने वाले मुंशी एवं मशीन ऑपरेटरों को भी मौत की सजा ही दी जाएगी. दूसरे पर्चे में लिखा है कि गद्दार ठेकेदार हैं. इसके साथ ही पर्चे में कई ठेकेदारों के नाम लिखे हैं. इनमें अजय सिंह (बोकारो), दिलीप राय, रामकिशोर सिंह, सुजीत सिन्हा के अलावा कई अन्य. तीसरे पर्चे में लिखा है कि काम पूरा करके निकव जाने के बाद भी गद्दार ठेकेदारों के ऊपर कार्रवाई होगी. चौथे पर्चे में लिखा है कि पार्टी को लेवी नहीं देने वाले गद्दार ठेकेदारों को मौत की सजा दी जाएगी. पांचवें पर्चे में लिखा है कि गद्दार ठेकेदार ये समझदारी बिल्कुल न पालें कि काम पूरा करके निकल गये, तो हमें लेवी देने से मुक्ति मिल गयी.

## उग्रवादियों ने दो हाइवा को किया आग के हवाले, पर्चा छोड़ जिम्मेवारी ली

आशीष टैगोर। लातेहार



जलाया गया हाइवा,

टीएसपीसी के उग्रवादियों ने शुक्रवार रात डीवीसी की तुबेद कोल परियोजना से कोयला की ढुलाई कर रहे दो हाइवा को फूंक दिया. एक हाइवा में कोयला लदा था, दूसरा खाली था. घटना को हेरहंज थाना क्षेत्र के लातेहार- नवादा सड़क पर तासू पंचायत के लात गांव में अंजाम दिया गया. इस घटना में दोनों हाईवा वाहन पूरी तरह से जल गए. घटनास्थल पर पर्चा छोड़ कर टीएसपीसी ने इस आगजनी की जवाबदेही ली है. पर्चे में कहा गया है कि डीवीसी के द्वारा अगर संगठन के बिना इजाजत के काम जारी रखा गया, तो संगठन के द्वारा कार्रवाई की जाएगी. आगे कहा गया है कि अगर संगठन के आदेश की अवहेलना की जाती है, तो इसके बाद वाहन चालक पर कार्रवाई की जाएगी. घटना की जानकारी मिलने के बाद हेरहंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची.

**श्याम ट्रांसपोर्ट की है हाइवा :** आग के हवाले की गयी एक हाईवा तुबेद कोल परियोजना में कोयला परिवहन कर रही कंपनी श्याम ट्रांसपोर्ट की बतायी जाती है. जबकि दूसरी हाइवा (जेएच-19-ई0032) डीही ग्राम निवासी अशोक राम की बताई जाती है. अशोक राम के पुत्र कमलेश राम ने बताया कि बीती रात्रि लगभग 12:45 बजे हवा वाहन चालक विकास कुमार यादव और खलासी सत्येंद्र कुमार ने मोबाइल पर सूचना दी कि उनके हाईवा को लात गांव के समीप 15 से 20 हथियारबंद टीएसपीसी के उग्रवादियों ने सड़क पर पत्थर लगा कर अपने कब्जे में ले लिया और उन्हें वहां से भेज दिया. इसके बाद उग्रवादियों ने विपरीत दिशा से आ रही श्याम ट्रांसपोर्ट के हाइवाको भी रोका और उसके भी ड्राइवर और खलासी को जरूरत की समान दे कर उतार कर भगा दिया. इसके बाद श्याम ट्रांसपोर्ट के हाईवे वाहन की गाड़ी से डीजल निकाला और दोनों वाहनों को आग के हवाले कर दिया.

## छात्र-छात्राओं के समग्र विकास को लेकर विभाग गंभीर : तिर्की



संवाददाता। लापुंग

लापुंग प्रखंड संसाधन केंद्र में संकुल साधन सेवियों एवं प्रखंड साधन सेवियों की साप्ताहिक संयुक्त बैठक प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी लीलावती तिर्की की अध्यक्षता में हुई. लीलावती तिर्की ने कहा कि स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग विद्यालयों में बेहतर शैक्षणिक वातावरण, स्वच्छता, एवं छात्र-छात्राओं के समग्र विकास को लेकर बेहद गंभीर है. विभागीय निर्देश के आलोक में अब स्कूलों से बेहतर रिजल्ट की जरूरत है.इस मौके पर विद्यालय प्रबंधन समिति का ग्रेडिंग , पीटीएम बैठक, प्रोजेक्ट रेल परीक्षा सहित विभिन्न कार्यक्रमों का लिंक अनिवार्य रूप से भरे जाने के लिए स्कूलों को निर्देश देने की बात कही गई. इस मौके पर संकुल साधन सेवी मनोज कुमार साहु, चंद्रमोहन ठाकुर, सुनील कुमार गुप्ता, मंटू कुमार साहु, अजीत कुमार सिंह, लाल मिथिलेश कुमार सिंह, फ्रांसिस पन्ना सहित कई लोग मौके पर मौजूद थे.

### विज्ञान सह हस्तकला प्रदर्शनी का आयोजन

**अनगड़ा।** संत मेरी स्कूल गेतलसूद में शनिवार को विज्ञान सह हस्तकला प्रदर्शनी का आयोजन हुआ. प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने विज्ञान से संबंधित विभिन्न मॉडलों का निर्माण कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया . विज्ञान सह हस्तकला प्रदर्शनी का उद्घाटन विद्यालय के प्रधानाध्यापिका सिस्टर निर्मला एवं ग्राम प्रधान बालेश्वर बेदिया ने किया. विज्ञान सह हस्तकला प्रदर्शनी में विद्यालय के नीला दल, लाल दल, हरा दल एवं पीला दल के विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के मॉडल प्रस्तुत किया. जिसमें नीला दल के नवीन बेदिया, प्रेम बेदिया एंव टीम के द्वारा सोलर सिस्टम,व वायुमंडलीय परत, लाल दल के सिकंदर बेदिया, सुरज बेदिया एवं टीम ने स्मार्ट एग्रीकल्चर व स्मार्ट सिटी हरा दल के विश्वनाथ बेदिया, अनुप ऊरांव एंव टीम ने मिनि कुलर, व जल चक्र एवं पीला दल के रितेश बेदिया, बंटी करमाली एंव टीम ने बर्षा जल शुद्धिकरण व मानव हृदय आदि मॉडल का प्रदर्शनी प्रस्तुत किया.

## खूंटी में मवेशी व्यापारियों से लूट का खुलासा, पांच गिरफ्तार

संवाददाता। खूंटी

कर्रा थाना पुलिस ने गत बुधवार को मवेशी व्यापारियों से हुए लूटकांड का खुलासा करते हुए घटना में शामिल पांच आरोपितों को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया. पकड़े गये आरोपितों के पास से लूट के 18 हजार रुपये नकद, लूटकांड में प्रयुक्त दो अपाची आरटीआर 180 बाइक (जेएच 01सीएल 3163 और जेएच 23एक 3092), एक स्कूटी (जेएच 01इएन 8898), लूट की मोबाइल समेत कुल पांच मोबाइल और अन्य सामान बरामद किये गये हैं.

गिरफ्तार अरोपितों में रौशनदीप मुंडा, ग्राम सिलदा खूंटी, मुन्ना टोपनो, ग्राम सिलदा, श्याम बाखला ग्राम चांपी कर्रा, पप्पू बाखला ग्राम चांपी और दीपक बाखला ग्राम चांपी कर्रा शामिल हैं. इस आशय की जानकारी तोरपा के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ख्रिस्टोफर केरकेट्टा ने शनिवार को अपने कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी. एसडीपीओ ने बताया कि 24 जुलाई को अपराधियों ने कर्रा थाना कें तिलमी जंगल के पास लापुंग के दो मवेशी व्यवसायियों से लगभग एक लाख रुपये लूट लिये थे और विरोध करने पर मारकर उनका सिर फोड़ दिया था. इस संबंध में कर्रा थाने में मामला दर्ज किया गया.

एसडीपीओ ने बताया कि शुक्रवार को उन्हें गुप्त सूचना मिली कि लूटकांड के संदिग्ध लिदा गांव के पास घूम रहे हैं. सूचना के आलोक में एसडीपीओ ख्रिस्टोफर केरकेट्टा के नेतृत्व में पुलिस दल का गठन कर सिलदा गांव में छापेमारी की गई. वहां एक संदिग्ध युवक को पकड़ा गया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम रौशनदीप मुंडा बताया और व्यापारियों से हुई लूट में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली और घटना में शाामिल अन्य अपराधियों के नाम की जानकारी पुलिस को दी.

### उषा मार्टिन का अभिनव पहल | नामकुम में वैज्ञानिक खेती के संदेशवाहक बने गोवर्धन मुंडा

# तीन माह में तरबूज बेचकर कमाए तीन लाख रुपए

संवाददाता। नामकुम



टाटीसिलवे नकदी फसल की खेती से किसान स्वनिर्भर बनेंगे. इसके लिए कंपनी के माध्यम से प्रगतिशील किसानों को आगे लाने के लिए एकीकृत पहल की जा रही है. इसमें किसानों को प्रशिक्षण, खेत की मृदा बढ़ाने का प्रयास और उसको बाजार से जोड़ने की पहल की जा रही है. उषा मार्टिन के 18 गांवों में ऐसी पहल चलायी जा रही है. जहां प्रगतिशील किसानों को आत्मनिर्भर बनाने में सहयोग किया जा रहा है.

जिले के अनगड़ा प्रखंड के जानुम गांव के किसान गोवर्धन मुंडा का परिवार सात सदस्यों का है. उनकी शैक्षिक पृष्ठभूमि में यह शामिल है कि उन्होंने सातवीं कक्षा तक पढ़ाई की है. प्रारंभ में गोवर्धन ने एक मजदूर के रूप में काम किया, जब गोवर्धन ने खेती शुरू की तो उन्हें काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा. तीन साल पहले, गोवर्धन उषा मार्टिन फाउंडेशन में शामिल हुए, एक पहल जो उनकी खेती की यात्रा में एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित हुई. आज वह अपने गांव के प्रगतिशील किसानों में से एक हैं. फाउंडेशन के सचिव डॉ मयंक मुरारी ने बताया कि गोवर्धन मुंडा को पहले ड्रिप सिंचाई से परिचित कराया, जो उनके दो एकड़ के खेत में मुफ्त में स्थापित की गई थी. इस आधुनिक सिंचाई प्रणाली ने जल प्रबंधन में काफी सुधार किया, जिससे पानी का कुशल उपयोग और बेहतर फसल की पैदावार सुनिश्चित हुई. ड्रिप सिंचाई के अलावा, फाउंडेशन ने गोवर्धन को मौसम के अनुसार बीज और पौधे उपलब्ध कराए. इस सहायता में क्षेत्र पर्यवेक्षकों द्वारा सर्वोत्तम कृषि पद्धतियों पर मार्गदर्शन शामिल है, जिससे उनकी कृषि उत्पादकता को मौसमी रूप से बढ़ाने में मदद मिली है. इस गरमी के तीन माह में गोवर्धन मुंडा ने दो लाख से अधिक के तरबूज, खरबूज और लौकी की बिक्री की है. उनकी सफलता क्षेत्र में लोगों के लिए प्रेरणादायी है.

गोवर्धन मुंडा ने बताया कि जानुम गांव में हरेक किसान को उषा मार्टिन के माध्यम से सहयोग किया गया है. यहां पर कुंआ, तालाब के अलावा वानिकी प्रबंधन पर भी कंपनी ने काम किया है. इस कारण यहां के लोग खेती में अभिनव प्रयोग के हिमायती बने है.

## न्यूज अपडेट

### अनगड़ा में पूर्व विधायक ने पांच गांवों में लगाई चौपाल

**अनगड़ा।** खिजरी के पूर्व विधायक रामकुमार पांच पाहन ने शनिवार को प्रखंड के सोसो, नवागढ़, खभावन, बूटगोड़ा, मैनीछापर आदि गांव में जन चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और समाधान का आश्वासन दिया.उन्होंने ने कहा कि हेमंत सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर है. युवाओं को रोजगार देने के नाम पर ठगा गया. बेरोजगारी बढ़ने से युवा पलायन को विवशहो रहे हैं. बालू की कालाबजारी से जनता त्रस्त है. खिजरी में जनता बदलाव चाहती है. सोहराई बेदिया, सोमरा मुंडा, मुकुंद भोगता, राजेश भोगता, जनार्दन कुम्हार, रवि कुम्हार, हेमनाथ महतो, पंचम भोगता, शिव बेदिया, बिहारी साहू, राजेन्द्र बेदिया, संतोष भोगता और जगलू बेदिया आदि मौजूद थे.

### श्रद्धालुओं का जत्था बाबा बैजनाथ धाम के लिए रवाना

**लापुंग।** लापुंग प्रखंड मुख्यालय से शनिवार को देवघर बाबा धाम के लिए श्रद्धालुओं का दूसरा जत्था रवाना हुआ. समाजसेवी चरकु साहु ने बजरंगबली मंदिर थानावली मंदिर से श्रद्धालुओं को रवाना किया.लापुंग के जत्थे में समाजसेवी सोनू साहु, अमित साहु , रतन साहु, महेश साहु, भीम साहु, पंकज साहु , कुलदीप साहु सुशील साहु एवं सुधांशु साहु शामिल हैं. रवाना होने से पहले श्रद्धालुओं के जत्थे ने बजरंगबली मंदिर में माथा टेका और विधिवत पूजा अर्चना की. इस मौके पर हर हर महादेव, बोल बम, ताड़क बम, भोला बाबा पार करेगा जैसे जयघोष गुंजायमान हो उठा.

### दैनिक भोगी व संविदा कर्मियों ने निकाला मशाल जुलूस

**बुंडू।** बुंडू नगर पंचायत के दैनिक भोगी और संविदा पर कार्यरत कर्मियों ने शनिवार को नगर के सड़कों पर मशाल जुलूस निकाला. ये अपनी सेवाएं नियमित करने की मांग कर रहे थे. बुंडू नगर निकाय के कर्मचारी झारखंड लोकल बॉडिज इम्पलाइज फेडरेशन झारखंड के बैनर तले संध्या धुर्वामोड़ बिरसा मूर्ति स्थल से एक रैली निकाली जो थाना रोड, सुभाष चौक, चौकबाजार, होते हुए बड़ा बजरंगबली तक पहुंची. इस बीच कर्मचारी हमारी मांगे पूरी करो, हमारी सेवाएं नियमित करो इत्यादि नारे लगा रहे थे. रैली का नेतृत्व पिंटू शर्मा ,सिद्धार्थ बिद इत्यादि कर रहे थे. इन लोगों ने बताया कि कि हमलोग पिछले 15-20 सालों से इस नगर निकाय में कार्यरत हैं. हम लोगों ने अपनी सेवाएं नियमित करने के लिए राज्य के नगर सचिव, स्थानीय विधायक से लेकर विभागीय के कई अधिकारियों से मिलकर अपनी मांगे रखी.

### डीएवी सिल्ली के छात्रों ने नेशनल स्पोर्ट्स में भाग लिया

**सिल्ली/मुरी।** एसआर डीएवी पब्लिक स्कूल, पुंदाग एवं हेहल रांची में नेशनल स्पोर्ट्स (क्लस्टर लेवल - 5) का आयोजन किया गया. इसमें वुशु वर्ग -14, कराटे वर्ग -14 , शतरंज वर्ग -14, रोप स्किपिंग जैसे प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया. जिसमें हमारे विद्यालय के बहुत सारे छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया. वुशु वर्ग -14 प्रतियोगिता में छात्रा आर्य रानी, आरव कुमार साहू तथा आदित्य कुमार ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया. पूजा महतो , रितेश कुमार महतो तथा शुभम चौधरी ने रजत पदक प्राप्त किया. मल्लिका साईं आशूं कुमार साहू, आदित्य देव तथा स्नेहा महतो ने कांस्य पदक जीता. कराटे वर्ग -14 प्रतियोगिता में अहाना मंडल, आयुष्मान शर्मा, मोहम्मद जीशान रजा तथा रुद्र प्रताप महतो ने स्वर्ण पदक जीता. पलक श्रुति, श्रेया चंद, अनुष्का कुमारी,अर्णव मंडल तथा लकी सिंह ने रजत पदक जीता.

### पाथफाइंडर 14वें संस्करण का आयोजन किया गया

**रातू।** करियर काउंसलिंग प्रोग्राम पाथफाइंडर के अंतर्गत सत्र की पहली कार्यशाला आज लेडी के सी रॉय मेमोरियल स्कूल में आयोजित की गई . सत्र का संचालन करने वाले रिसोर्स पर्सन कैप्टन राहुल लोहिया थे.जो जम्मू-कश्मीर में तैनात 24 वर्षीय युवा हैं . सत्र सुबह 7 बजे शुरू हुआ और लगभग 2 घंटे तक चला.सत्र की शुरुआत में स्कूल के प्रधानाचार्यअभिषेक हरित ने छात्रों से राहुल लोहिया का परिचय कराया .कैप्टन राहुल लोहिया ने छात्रों से भारतीय सेना को एक बेहतरीन करियर विकल्प के रूप में देखने के बारे में बात की.उन्होंने उन सभी लाभों के बारे में बात की जो एक सैन्यकर्मी को सेवानिवृत्ति से पहले और बाद में मिलते हैं.उन्होंने इस पेशे को ग्लैमराइज़ नहीं किया.बल्कि इसके बारे में बहुत तथ्यपूर्ण बातें रखी . उन्होंने एनडीए के बारे में भी बात की और बताया कि छात्र इसे पास करने के लिए क्या कर सकते हैं.जब कैप्टन ने छात्रों से नियम तोड़ने वाले बनने के लिए कहा तो काफी मज़ाक भी हुआ और प्रिंसिपल ने हंसते हुए हस्तक्षेप करते हुए कहा कि यदि कोई परिणाम के लिए तैयार है तो नियम तोड़ने में कोई समस्या नहीं है.

### पुण्यतिथि पर नेत्र जांच शिविर का आयोजन

**रातू।** एपीजे अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि पर शुक्रवार को भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला ग्रामीण अध्यक्ष इमरान खान के नेतृत्व में सन साइन नर्सिंग होम अगडू में निशुल्क नेत्र जांच शिविर लगाया. शिविर में तीन सौ लोगों की आंखों का इलाज किया गया. मौके पर जिला मंत्री नौशाद अंसारी,डॉ जावेदआबिद अंसारी, इरफान अंसारी,परवेज अंसारी आदि मौजूद थे.

### सिल्ली से नगर संकीर्तन भ्रमण निकाला गया

**सिल्ली/मुरी।** भक्ति वेदांता गुरुकुल कुटाम की ओर से जन्माष्टमी को लेकर सिल्ली से छोटामुरी हनुमान मंदिर तक नगर संकीर्तन भ्रमण का आयोजन किया गया. नगर भ्रमण के दौरान श्रद्धालुओं के तरफ से जगह-जगह पर शरबत वगैरह का व्यवस्था भी किया गया. कार्यक्रम के दौरान भक्तों को जन्माष्टमी के अवसर पर आमंत्रण भी दिया गया. कार्यक्रम के दौरान प्रभु सुबल दास ने बताया कि श्री श्री राधा रमण महोत्सव श्री कृष्ण जन्माष्टमी को हम लोग प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मनायेंगे. इसको लेकर यह कार्यक्रम का आयोजन किया गया. आगामी 19 अगस्त से लेकर 27 अगस्त तक भव्य रूप से कृष्ण जन्माष्टमी को लेकर हमलोग आयोजन कर रहे हैं. कृष्ण जन्माष्टमी पर नौ दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन होगा. प्रथम दिन प्रात कलश यात्रा और दही हांडी कार्यक्रम और 10 बजे रात्रि से 2 बजे तक भगवान का अभिषेक होगा. जिसमें बहुत सारे सांस्कृतिक कार्यक्रम, अच्छे अच्छे कथाकार और प्रचारक के द्वारा प्रतिदिन भागवत कथा, यज्ञ का आयोजन, पुष्प अभिषेक, गुरुकुल के बच्चों द्वारा नाटक का आयोजन, अलग-अलग राज्यों के कला और संस्कृति को प्रस्तुत किया जाएगा.

### कांके प्रखंड में वज्रपात से दो मवेशियों की मौत

**बुढ़मू ।** कांके प्रखंड के बगदा निवासी राथो देवी का एक काड़ा और एक भैस की मौत वज्रपात की चपेट में आने से हो गई. जानकारी के अनुसार दोनों मवेशी घर के बाहर थे इसी दौरान शुक्रवार की देर शाम भारी बारिश के साथ वज्रपात होने से मवेशी वज्रपात की चपेट में आ गये और मौके पर ही दोनों मवेशियों की मौत हो गई. सूचना पाकर मुखिया पूजा किस्पोटा, मदन महतो, नसीबलाल महतो मौके पर पहुंचे और पशुपालन विभाग को सूचित किया गया. शनिवार को भ्रमण चिकित्सा पदाधिकारी तनवीर आलम ने दोनों मवेशियों का पोस्टमार्टम किया. मौके पर मुखिया ने कहा कि पीड़िता किसान को जल्द ही सरकार से मुआवजा दिलाया जाएगा.

